@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 138 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 मंगलवार, 18 मार्च 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495



प्रेरणास्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

# हरियाणा: महिलाओं को 2100 महीना मिलेंगे

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

सीएम नायब सैनी सोमवार (17 मार्च) को हरियाणा का बजट पेश किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 2025-26 के लिए 2.05 लाख करोड़ रुपये के राज्य बजट का प्रस्ताव रखा, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 13.70 प्रतिशत अधिक है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य बजट वित्त वर्ष 2026 में मादक पदार्थ जागरूकता एवं मुक्ति प्राधिकरण की स्थापना का प्रस्ताव रखा है।

वित्त वर्ष 2025-26 में सीएम सैनी ने विश्व बैंक की 474 करोड़ रुपये की सहायता से हरियाणा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।

**हर जिले में गौ अभ्यारण्य का प्रस्ताव**

सीएम सैनी ने हर जिले में नए गौ अभ्यारण्य का प्रस्ताव रखा। हरियाणा में पंजीकृत गौशालाओं में 51 शेड बनाने के लिए 5 करोड़ रुपये का अनुदान देने का एलान हुआ है।

**सीएम ने कई जिलों को दिया तोहफा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने बजट में अंबाला, यमुनानगर और हिसार में लीची, स्ट्रॉबेरी, खजूर के लिए 3 नए उत्कृष्टता केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा है।



## महिला किसानों को एक लाख तक का ऋण मुक्त

बजट में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एलान किया है कि डेयरी फार्मिंग, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन में लगी महिला किसानों को एक लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।

एफपीओ के लिए लाई जाएगी बागवनी नीति

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी समितियों के रूप में पंजीकृत किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए बागवानी नीति लाई जाएगी।

महिलाओं के लिए बड़ा एलान

बजट में किसानों से एक लाख के कर्ज पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। महिलाओं को ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। इस बार हरियाणा का दो लाख 5 हजार 17 करोड़ का बजट पेश किया गया है।

**लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज प्रदेश का बजट पेश कर रहे हैं। बजट में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

**धान की खेती छोड़ने पर दी जाएगी सब्सिडी**

बजट में एलान हुआ है कि मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान की खेती छोड़ने पर सब्सिडी 7,000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति एकड़ की जाएगी।

# बजट: राजस्व घाटे में पिछले 10 वर्षों में आई कमी

**नायब सिंह** सैनी ने कहा कि वर्ष 2014-15 में हरियाणा के बजट में राजस्व घाटा तत्कालीन जीडीपी का 1.90 प्रतिशत था। वर्ष 2024-25 में राजस्व घाटा जीडीपी का 1.47 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसी प्रकार यदि राजस्व घाटे को कुल बजट के प्रतिशत के रूप में देखें तो यह 2014-15 के 13.4 प्रतिशत से कम होकर 2024-25 में 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। राजस्व घाटे में पिछले 10 वर्षों में काफी कमी आई है।

**वर्ष 2025-26 बजट अनुमान में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 2.67 प्रतिशत तक रखने का लक्ष्य**

वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014-15 में हरियाणा के बजट में राजकोषीय घाटा तत्कालीन जीडीपी का 2.88 प्रतिशत था। वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 2.68 प्रतिशत रहने का अनुमान है। राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबन्धन अधिनियम (एफआरबीएम) एक्ट के अनुसार किसी भी वर्ष किसी भी राज्य सरकार का राजकोषीय घाटा उस राज्य की उस वर्ष की जीडीपी के 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। अतः इसमें 2014-15 के 2.88 प्रतिशत के मुकाबले अब 2.68 प्रतिशत तक की गिरावट हमारे कुशल वित्तीय प्रबंधन का परिचायक है। वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान में इसे और कम करते हुए जीडीपी के 2.67 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य है।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन पर बहुत बल दिया है।



सीएम नायब सैनी सोमवार (17 मार्च) को हरियाणा का बजट पेश करने के लिए विधानसभा जाते हुए। इस मौके पर मीडियाकर्मियों का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

# बजट को तैयार करने में मुख्य प्रधान सचिव खुल्लर की रही अहम भूमिका

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा का साल 2025-26 का आम बजट तैयार कराने में सीएम नायब सैनी के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर प्रमुख भूमिका में रहे। पिछले वर्षों का इतिहास कहता है कि वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री का बजट भाषण तैयार करते हैं, लेकिन इस बार इस परंपरा को बदलते हुए मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने अपने हाथों से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का बजट भाषण तैयार किया।



केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने इस बजट भाषण पर अपनी सहमति की मुहर लगाई। तब जाकर बजट की कॉपी तैयार हुई। राज्य के बजट पर रविवार तड़के तीन बजे तक काम चलता रहा। पिछले सालों में बजट रात को 12 से साढ़े 12 बजे तक के बीच में तैयार हो जाता था, लेकिन इस बार के बजट पर रविवार तड़के तक काम चलता रहा। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वित्त मंत्री के नाते हरियाणा का पांच साल तक बजट तैयार कराया और पेश किया। मनोहर लाल को हिसाब-किताब का मास्टर माना जाता है।

उनकी गणित और वित्तीय अंकों पर जबरदस्त पकड़ है। बजट का काफी बड़ा हिस्सा मनोहर लाल की देखरेख में तैयार हुआ, जो कि चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में बनाया गया। राज्य के मुख्य सचिव के नाते वित्त सचिव अनुराग रस्तोगी ने बजट को आसान बनाने में जबरदस्त डेटागीरी की। सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के आवास पर बजट को लेकर दिन रात काम चला। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के प्रधान सचिव डा. अमित अग्रवाल, महानिदेशक केएम पांडुरंग तथा अतिरिक्त निदेशक प्रशासन वर्षा खनगवाल ने बजट को आकार देने में अहम भूमिका निभाई।

## रेवाड़ी में बनेगा सौ बेड का अस्पताल और सैनिक संग्रहालय

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार द्वारा सोमवार को पेश किए गए बजट में रेवाड़ी के लिए काफी घोषणाएं हुई। रेवाड़ी के लिए ऐसी अनेक घोषणाएं हुई हैं जो आम आदमी को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं। बावल में सौ बेड वाले ईएसआई अस्पताल का निर्माण होगा वहीं रेवाड़ी में एक सैनिक संग्रहालय बनाया जाएगा। बजट में दी गई स्वीकृति के अनुसार बावल में सौ बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल बनाया जाएगा। अस्पताल में 50 बिस्तर का क्रिटिकल केयर ब्लॉक के साथ-साथ अस्पताल को एडवांस लाईफ स्पोर्ट एंबूलेंस भी मिलेगी। बजट में किसानों के लिए मनेठी में मार्केट कमेटी का यार्ड बनाने की स्वीकृति दी गई है।

# हितधारकों के सुझावों को शामिल कर बनाया गया संतुलित बजट: मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर वित्त मंत्री वर्ष 2025-26 का राज्य बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चुनावों से पहले जनता से किए गए वादों के अनुरूप संकल्प पत्र के संकल्पों को निरंतर पूरा किया जा रहा है। 217 संकल्पों में से अब तक 19 वायदों को पूरा किया जा चुका है और 14 वायदों पर कार्य प्रगति पर है। राज्य बजट 2025-26 के प्रावधानों को सदन की स्वीकृति मिलने से लगभग 90 और संकल्पों को आगामी वित्त वर्ष में पूरा किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और



सबका प्रयास के मूल मंत्र पर चलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री मनोहर लाल द्वारा वर्ष 2020 से हरियाणा में बजट पूर्व परामर्श की एक अनोखी प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसी कड़ी में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करने के लिए हरियाणा की अर्थव्यवस्था के विभिन्न हितधारकों के साथ कुल 11 बैठकें की गई, जिनमें 1592 सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि इस परिपाटी को एक कदम आगे बढ़ाते हुए 10 दिसम्बर, 2024 से एक ऑनलाईन पोर्टल भी शुरू किया गया था। इसके माध्यम से हरियाणा के कोने-कोने से घर बैठे लोगों ने बजट के लिए 8963 सुझाव भेजे। कुछ सुझाव ई-मेल और पत्रों के माध्यम से भी मिले। इसके अलावा कुछ आमजन ने अपने लिखित सुझाव भी प्रस्तुत किए। कुल मिलाकर लगभग 11,000 सुझावों पर चिंतन-मनन किया गया और अच्छे सुझावों को बजट में समायोजित किया गया। सभी हितधारकों के सुझावों को शामिल करके हर वर्ग के कल्याण के लिए संतुलित बजट बनाया गया है।



विधानसभा परिसर में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा द्वारा रखी गई जलेबी पार्टी में मुख्यमंत्री नायब सिंह, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, मंत्रिमंडल सदस्य, जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# हर हरियाणवी की आकांक्षाओं को पूरा करेगा नायब का नायाब बजट: धनखड़

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

प्रदेश के मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री का दायित्व संभाल रहे नायब सिंह सैनी अपने पहले बजट में हर हरियाणवी की आकांक्षाओं पर खरे उतरे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं विधान सभा चुनाव में पार्टी संकल्प पत्र प्रमुख रहे औम प्रकाश धनखड़ ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि संकल्प पत्र में किए गए वादों को बजटीय प्रावधान के साथ पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने बजटीय भाषण की शुरूआत में ही कहा कि हमने कुल 217 वादे किए थे। इनमें में से 19 वादे पूरे कर दिए हैं, 14 पर कार्य चल रहा है और 90 वादों के लिए इस बजट में प्रावधान कर दिया। महिलाओं को 2100 रुपए प्रति माह देने के लिए पांच हजार करोड़ का प्रावधान बजट किया है। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस चुनाव के समय बिना बजट का हिसाब किताब लगाए खटाखट वाली घोषणा करती है।

भाजपा की यही विशेषता है कि हम जो कहते हैं, वह पूरा करते हैं। पीएम मोदी जी के कुशल और सशक्त नेतृत्व की यही पहचान है जो बोला वो पूरा किया। धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में नवाचार, तकनीक, रोजगार और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के



माध्यम से भविष्य की जरूरतों को आधार मानकर बजटीय प्रावधान किए हैं। खेती- किसानी, खेल-खिलाड़ी, पशुपालन, बागवानी, शिक्षा, मेडिकल और तकनीकी उच्च शिक्षा आदि पर फोकस किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि प्राकृतिक और बागवानी की खेती को और ज्यादा प्रोत्साहित करना सराहनीय है।

यह बजट सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को प्रतिबिंब करता है। यह बजट हरियाणा को प्रगति के आयाम पर लेकर जाएगा। वर्ष 2047 विकसित भारत के सपने को साकार करने में हरियाणा अहम भागीदारी करेगा।

# पीएम गति शक्ति की तर्ज पर बनेगा एक नया पोर्टल

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 24 जनवरी 2025 को अधिसूचित की गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम की तर्ज पर हरियाणा सरकार के कर्मचारियों को भी यूपीएस का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री, जिनके पास वित्त मंत्रालय का प्रभार भी है, ने आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बजट प्रस्तुत करते हुए सदन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हित में लागू की जा रही इस योजना के तहत कम से कम 10 हजार रुपये प्रतिमाह पेआउट तथा 30 प्रतिशत फैमिली पेआउट के रूप में दिया जायेगा। ये दोनों लाभ 10 वर्ष की न्यूनतम सेवा के उपरांत दिये जायेगें। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेआउट का पूरा लाभ 25 वर्ष की सेवा के उपरान्त मिलेगा। इस स्कीम का लाभ आज हरियाणा सरकार में सेवारत लगभग 2 लाख कर्मचारियों को उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि कुछ शहरों में सरकारी आवास की कमी को देखते हुए आने वाले वर्षों में हर शहर में कर्मचारियों के लिए पर्याप्त संख्या में आवास उपलब्ध करवाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे।

**परियोजनाओं को मिलेगी गति, पीएम गति शक्ति की तर्ज पर बनेगा एक नया पोर्टल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष



2025-26 में सभी विभागों के रुके हुए और अधूरे कामों को युद्ध स्तर पर शुरू करके पूरा करवाया जाना सरकार की पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए पीएम गति शक्ति की तर्ज पर शीघ्र ही एक नया पोर्टल बनाया जायेगा। इसके माध्यम से इन कार्यों की प्रगति की लगातार समीक्षा सुनिश्चित होगी। नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में हर शहर में एक 4-5 जिले में एक 10-15 किलोमीटर लम्बी सड़क को स्मार्ट मार्ग बनाया जाएगा।

इसी तरह हर शहर में एक पुराने बाजार का स्मार्ट बाजार के रूप में और हर गांव में एक गली का स्मार्ट गली के रूप में कायाकल्प किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में विधानसभा के कार्यकाल के दौरान हर विधायक को अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये की राशि का विशेष प्रावधान किया गया है।

# बजट: बकाया ऋण निर्धारित सीमा के अंदर: मुख्यमंत्री नायब सिंह



## पिछले 10 वर्षों में सरकारी उपक्रमों द्वारा लिए गए ऋण में नहीं हुई बढ़ोत्तरी

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि किसी भी वर्ष किसी भी राज्य का बकाया ऋण उस राज्य की जीडीपी के प्रतिशत की एक निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए। वर्ष 2014-15 में हरियाणा सरकार के बकाया ऋण की जीडीपी की प्रतिशतता उस समय के वित्त आयोग द्वारा निर्धारित सीमा से 6.67 प्रतिशत बिंदु कम थी। वर्ष 2024-25 में भी सरकार के बकाया ऋण की जीडीपी की प्रतिशतता वित्त आयोग द्वारा निर्धारित सीमा से 6.67 प्रतिशत बिंदु ही कम रहेगी। स्पष्टतः आज के बकाया ऋण की प्रतिशतता निर्धारित सीमा से उतने ही प्रतिशत कम है जितनी यह वर्ष 2014-15 में था।

**पिछले 10 वर्षों में सरकारी उपक्रमों द्वारा लिए गए ऋण में नहीं हुई बढ़ोत्तरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के उपक्रमों द्वारा लिए गए ऋण, जिन्हें सरकार के ऋण के आंकड़ों में शामिल नहीं किया जाता, में इन 10 वर्षों में एक भी रुपये की बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के कुल 43 उपक्रम हैं। इनमें से 24 उपक्रम कम्पनी एक्ट में व 19 उपक्रम कॉपरेटिव सोसाईटीज एक्ट में पंजीकृत हैं। इन 43 उपक्रमों का वर्ष 2014-15 में कुल बकाया ऋण 69,922 करोड़ रुपये था जो वर्ष 2023-24 में घटकर 68,295 करोड़ रुपये रह गया है। गौरतलब है कि वर्ष 2008-09 में इन सरकारी उपक्रमों का बकाया ऋण 30,233 करोड़ रुपये था।

## बजट मे प्रत्येक वर्ग का रखा गया है ध्यान: डॉ अरविंद

**चंडीगढ़। सहका**रिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वित्तमंत्री के नाते पेश किया गया बजट ऐतिहासिक और प्रदेश वासियों के लिए जनकल्याणकारी साबित होगा। उन्होंने कहा कि किसान, महिला, युवा, गरीब कल्याण को समर्पित बजट में हर वर्ग का भरपूर ध्यान रखते हुए प्रदेश को तिगुनी गति से रफ्तार देने वाला साबित होगा। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सहकारिता विभाग के बजट में 58.80 प्रतिशत बढ़ोतरी व हरियाणा के पर्यटन को दुनिया के मानचित्र पर लेकर जाने के लिए किए गए प्रावधानों के लिए आभार जताया।

आज यहां हरियाणा के आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस बजट से हरियाणा की जनता के सपनों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा और सशक्त कदम उठाया है।

## गरवा को मिली एकीकृत एक्वा पार्क उत्कृष्टता केंद्र की सौगात

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 17 मार्च।** लोहारू उपमंडल के बहल खंड के गांव गरवा में सितंबर 2021 में करीब 25 एकड़ भूमि पर 25 करोड़ की लागत से स्थापित किए गए झींगा मछली पालन उत्कृष्टता केंद्र को भी प्रदेश के बजट में एकीकृत एक्वा पार्क उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है वहीं झींगा उत्पादन की लागत कम करने के लिए सोलर लगाए जाने पर दिए जाने वाले अनुदान की 10 किलोवाट की सीमा को बढ़ाकर 30 किलोवाट करने का प्रस्ताव भी बजट में रखा है। पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि सरकार की इस पहल से मछली पालन में आय बढ़ाने व रोजगार की अपार संभावनाएं पैदा होंगी और नीली क्रांति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य को अमलीजामा पहनाने की कवायद करीब एक सप्ताह पूर्व शुरू हो चुकी है तथा मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने गरवा के उत्कृष्टता केंद्र का निरीक्षण भी किया है।

## नववर्ष अभिनंदन समारोह 30 मार्च को : सुनील वत्स



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 17 मार्च।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से मसीता हाऊस में पवन वत्स तथा सुनील वत्स के निवास स्थान पर श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा सत्संग एवं गीता पाठ आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सत्संग श्रवण किया। राजेंद्र चोपड़ा, पवन गुंबर, कुसुम शर्मा, भावना आहूजा, ममता आहूजा, जय भगवान शर्मा, मनीष खुराना, पवन शर्मा और रामकुमार ने राधा और कृष्ण के भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विजय नरूला, मीनाक्षी नरूला, सविता वत्स, पंकज शर्मा, कोमल शर्मा, रमाकांत शर्मा, केसी कत्याल, विजेंद्र सोलंकी और दर्शन सहगल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सत्संग में भाग लिया। श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार के पदाधिकारियों ने सत्संग आयोजित करने वाले सुनील वत्स एवं पवन वत्स के परिजनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सुनील वत्स ने बताया कि 30 मार्च को भारतीय परंपरा के नववर्ष के शुभारंभ होने पर ब्रह्मसरोवर के मध्य पुरुषोत्तम पुरा बाग में स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में नववर्ष अभिनंदन समारोह आयोजित होगा। सायं 5 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में गीता पाठ होगा और भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के आर्शीवचन होंगे, इससे पूर्व गीता ज्ञान संस्थानम में स्वामी ज्ञानानंद जी के कर कमलों से ध्वजारोहण होगा। उन्होंने बताया कि गीता ज्ञान संस्थानम सनातन परंपराओं से आने वाली पीढ़ी को जोड़े रखने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करता है। इसी कड़ी में इस वर्ष नवसम्वत के अवसर पर नववर्ष अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है।

## डीएलएसए कर रहा जागरूकता शिविरों का आयोजन



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 17 मार्च।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि इसी कड़ी में पीएलवी तनुज ने गांव घिसरपड़ी में आमजन को संगठित और असंगठित मजदूरों के अधिकारों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, विधवाओं के लिए हालसा की योजनाएं, नालसा (मानसिक रुप से विकलांग और विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, नालसा (असंगठित मजदूरों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2016, पोष एक्ट, पोक्सो एक्ट, विक्टिम केयर एंड सपोर्ट सिस्टम, व डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें पंपलेट बांटे गए। उन्होंने कहा कि डीएलएसए द्वारा लगाए जा रहे शिविरों का उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना है।

## अवैध खनन में लिप्त एक वाहन किया जब्त

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 17 मार्च।** जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार अवैध खनन/परिवहन में लिप्त एक वाहन को जब्त किया गया है।

जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार खनन व भू विज्ञान के महानिदेशक के एम पांडुरंग तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के निदेर्शानुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुहिम जारी है। उन्होंने बताया कि गत दिवस एचएसईएनबी के स्टाफ एसआई जितेंद्र, ईएसआई देवेंद्र, एचसी प्रमिन्दर सिंह व खनन रक्षक रोहताश, ईएएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम ने एक रेत से भरा हुआ एक ट्रक पकड़ा। जिसको चेंक करने पर चालक के पास ई-रवाना बिल प्राप्त नहीं हुआ। जिसको विराईटी कांटा मेरठ रोड में लाकर खड़ा किया गया जिसका नम्बर एचआर-45-सी-1031 है। जिसके बाद वाहन की फोटो लेकर करनाल में जब्त कर लिया गया।

## संयुक्त किसान मोर्चा कुरुक्षेत्र में सीएम आवास पर करेगा प्रदर्शन 20 को : प्रताप सिंह

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 17 मार्च।** अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिला प्रधान प्रताप सिंह ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा 20 मार्च को कुरुक्षेत्र में सीएम आवास पर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा गेहूं की फसल पर 1000 रुपए बोनस देने, नहरों में पानी छोड़ने, पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का मुआवजे देने, सरसों की खरीद जल्द शुरू करने की मांगो को लेकर यह प्रदर्शन करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से किसानों के हरियाणा के लंबित मुद्दों के समाधान के लिए किसान आंदोलनकारियों से बात करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि किसान सभा के नेताओ राजविंदर चंदी, राजबीर हथीरा, अमरजीत कमोदा, रामेश्वर, सत्तर सिंह बलाही, प्रगट सिंह, मनजीत टिकरी, सुखबीर सिंह लालर, कुलदीप सिंह आदि ने टीकरी, मलिकपुर, झिंझरपुर, हथीरा, बलाही, जोगना खेड़ा, बूढ़ा, लोहारा, कमोदा, बारना और किरमिच आदि का दौरा कर किसानो को प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है।


# लोहारू के ऐतिहासिक किले को बनाया जाएगा पर्यटन स्थल: पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल

### हरियाणा के बजट से गरीबों, किसानों, सड़कों, तालाबों, गांवों के विकास को मिलेगी तेज रफ्तार: पूर्व वित मंत्री जेपी दलाल

**अमित वालिया, लोहारू**

पूर्व वित्त एवं कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने बजट 2025-26 से प्रदेश में सर्वांगीण विकास की सोच के साथ हर वर्ग के हित का ख्याल रखा गया है। सरकार ने कृषि, सिंचाई, पशुपालन, मछली पालन, बागवानी सहित सभी विभागों के बजट में बढ़ोतरी की है तथा कृषि, पशुपालन, बागवानी तथा झींगा पालन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं का प्रावधान किया गया है। बजट में हर 10 किलोमीटर के दायरे में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोलने का प्रावधान किया गया है। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि लोहारू के ऐतिहासिक किले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा ।

पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने हरियाणा की समृद्धि और विकास को समर्पित 2.05 लाख करोड़ के ऐतिहासिक व जनकल्याणकारी बजट के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ये बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों एवं सभी वर्गों के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाएं प्रदेश के विकास को नई गति देंगी। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सबका साथ, सबका विकास" संकल्प को साकार करने वाला बजट है। भाजपा ने प्रदेश में महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपए की आर्थिक



सहायता देने का संकल्प लिया था, इसे पूरा करने के लिए "लाडो लक्ष्मी योजना" को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसके लिए 5,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में किसानों को बड़ी राहत दी है। इसी तरह सिंचाई के क्षेत्र में नहरों के सुधार के लिए पिछले साल के मुकाबले अधिक बजट देना अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगा। पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि हजारों सोलर पंप का बजट में प्रावधान करने से कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए योजनाओं की शुरूआत करने में सहायता करेगा। वहीं कम बिजली खपत वाले ग्राहकों के लिए शुल्क हटाने से आम आदमी को बिजली की दरों में और रियायतें मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट में पशुधन के लिए नए अस्पताल, ब्लॉक स्तर पर डिस्पेंसरी, गांवों में समय पर पशुओं के उपचार के लिए मोबाइल डिस्पेंसरी की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वच्छता की दिशा में सरकार ने तालाबों का सौंदर्यीकरण किया है और इस बजट में हजारों अतिरिक्त तालाबों को जोड़ा गया है। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश के बजट में गरीब, किसान, मजदूर ,युवा, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, महिलाओं सहित सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। सभी वर्गों के हित में नई नई योजनाएं बनाई गई है।

# प्रदेश के बजट में मिली लोहारू को सौगात: लोहारू की ऐतिहासिक किले को किया जाएगा पर्यटन स्थल के रूप में विकसित

### पूर्व मंत्री जेपी दलाल के प्रयासों से वर्ष 2021 में लोहारू किले को पुरातत्व विभाग ने किया था संरक्षित ऐतिहासिक धरोहर में शामिल

**अमित वालिया,लोहारू**

सोमवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बतौर वित्त मंत्री प्रस्तुत किए गए प्रदेश के वर्ष 2025-26 के बजट में लोहारू के ऐतिहासिक किले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई है। ऐसे में क्षेत्रवासियों को उम्मीद जगी है कि लोहारू के किले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के बाद यहां के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे तथा लोहारू की अलग पहचान बनेगी। ध्यान रहे कि तत्कालीन कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल के प्रयासों से वर्ष 2021 में लोहारू के ऐतिहासिक किले को सरकार के पुरातत्व और संग्रहालय विभाग द्वारा प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारकों को संरक्षित स्मारक के रूप में और पुरातत्वीय स्थलों और अवशेषों को संरक्षित क्षेत्र के रूप में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस बारें पुरातत्व विभाग द्वारा अधिकारिक पत्र जारी कर इसे हैंडओवर करने बारे लोहारू प्रशासन को लिखा गया था जिसके बाद तत्कालीन एसडीएम जगदीश चंद्र व अमित कुमार ने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के साथ किले का निरीक्षण कर हैंडओवर की कार्रवाई शुरू की तथा इसे वर्ष 2024 में पुरातत्व विभाग को हैंडओवर कर दिया गया। किले को पुरातत्व विभाग को हैंडओवर करने के बाद सरकार ने इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए बजट 2025-26 में प्रावधान किया है जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी देखने



को मिल रही है तथा उनकी उम्मीदें पूरी होती नजर आ रही है।

विदित रहे कि लोहारू का ऐतिहासिक किला करीब 64 कनाल व 18 मरला यानी करीब 8 एकड़ में है तथा सरकार ने इसे गत नवंबर 2021 में संरक्षित स्मारक के रूप में अधिसूचित किया था। जिसके अनुसार राज्य सरकार ने अवशेष अधिनियम, 1964 के तहत लोहारू के किले को संरक्षित स्मारक और पुरातात्विक स्थल और इमारत से सटे खुले क्षेत्रों को हरियाणा प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारकों और पुरातत्व स्थलों के रूप में संरक्षित क्षेत्र घोषित किया। बताया जा रहा है कि राज्य लोक निर्माण विभाग इसके संरक्षण के लिए बजट अनुमान तैयार करेगा और पुरातत्व विभाग कार्यों की लागत वहन करेगा।

**लोहारू के किले का ऐतिहासिक महत्व:-**

उल्लेखनीय है कि लोहारू का किला काफी प्राचीन होने के साथ-साथ ऐतिहासिक महत्व भी रखता है। किले को 1570 ई. में ठाकुर अर्जुन सिंह ने बनाया था। राव शेखा ने मूलरूप में शेखावाटी को 33 ठिकानों में विभाजित किया था, जिनमें लोहारू किला 33वां था।

यह किला वास्तुकला का एक दिलचस्प मिश्रण था। किले के दक्षिण-विंग में दीवान-ए-खास और शीश महल या द रूम ऑफ मिरर्स हैं, जिसमें मुगल राजपूत शैली का विवरण है। दक्षिण विंग के मध्य भाग में एक बड़े विक्टोरियन स्टाइल के दर्शन कक्ष और बैंक्वेट हॉल थे। दक्षिण-विंग के दाहिने हिस्से में रसोई के साथ जाना महल भी शामिल था। दक्षिण-विंग के बाईं ओर विशुद्ध रूप से मुगल वास्तुकला थी। पूर्व-विंग को दिल्ली हवेली शैली में निष्पादित किया गया था, जो उस समय बहुत फैशनेबल माना जाता था और शेखावाटी हवेली से अलग था।

लोहारू किले पर 2 बड़े युद्ध भी हुए हैं। इसमें पहला युद्ध वर्ष 1671 में ठाकुर मदन सिंह और हिसार के मुगल गवर्नर के बीच में भूमि राजस्व पर लड़ा गया था। दूसरा युद्ध खेतड़ी के ठाकुर कीर्त सिंह और राजा भोपाल सिंह के बीच हुआ था। राजा भोपाल सिंह लोहारू किले के बाहर लड़ाई में मारे गए थे और उनके सम्मान में एक चट्टी का निर्माण उस स्थान पर किया गया था। इस किले पर 1803 में नवाब अहमद बख्श खान ने शासन किया जिसके बाद से यह किला काफी वर्षों तक लोहारू के नवाबों के आधिपत्य में रहा। नवाब अमीनुद्दीन अहमद खान ने इसकी इमारत निर्जन होने व जीर्ण अवस्था में होने के कारण इसे सरकार को दे दिया। लोहारू के किले से प्रसिद्ध उर्दू शायर मिर्जा गालिब की यादें भी जुड़ी है। मिर्जा गालिब का विवाह लोहारू नवाब अहमद बख्श खान के छोटे भाई मिर्जा इलाही बख्श खान की बेटी उमराव बेगम से हुआ था।

गौरतलब है कि वर्तमान में लोहारू का प्राचीन व ऐतिहासिक किला दशकों से प्रशासनिक व सरकारी उदासीनता के चलते खंडहर के रूप में तब्दील हो रहा है। ऐसे में स्थानीय लोग भी इस स्थल के ऐतिहासिक महत्व से अनभिज्ञ हैं और खंडहर होने के कारण इसका अस्तित्व नष्ट होने की कगार पर है व पूरा स्थान असामाजिक तत्वों के ठिकाने में बदल गया है। अब सरकार द्वारा प्रदेश के बजट में लोहारू किले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा के बाद क्षेत्रवासियों की उम्मीदों को एक बार फिर से पंख लगे है तथा उन्होंने पूर्व मंत्री जेपी दलाल का आभार जताया है।

# परिवहन विभाग ने 7 नए बस क्यू शैल्टरों के निर्माण को दी मंजूरी, जल्द शुरू होंगे निर्माण कार्य : पंकज सेतिया

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 17 मार्च।** एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया ने कहा कि हरियाणा परिवहन विभाग ने बीड मथाना, मथाना, सोंटी, बीड सोंटी, निवारसी मोड, निवासी कॉलोनी और बोहली मोड में नए 7 बस क्यू शैल्टरों के निर्माण को मंजूरी दी है, जल्द ही इनके निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। परिवहन विभाग ने बाबैन बस स्टैंड पर रात को प्राइवेट बसों के ठहराव को रोकने के लिए एक कर्मचारी भी नियुक्त किया है, ताकि रोडवेज की बसों को पूरी जगह मिलती रहे। एसडीएम पंकज सेतिया सोमवार को जिला परिषद के पंचायत भवन में उपमंडल लाडवा के विकास कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इन सभी कामों की हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 30 मार्च को विधानसभा के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। सभी



विभाग अध्यक्ष अपने-अपने विभागों के कामों की प्रगति रिपोर्ट बनाकर जल्द भेंजें। एसडीएम ने बीडीपीओ बाबैन को निर्देश दिए कि बाबैन बस स्टैंड, तहसील क्षेत्र और मार्केट कमेटी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाए। कचारा उठाने के लिए जो व्हीकल लगाया गया है, उसका निरंतर निरीक्षण किया जाए। साथ ही नालों की सफाई का अस्टीमेट बनाकर भेजा जाए। महिला एवं बाल कल्याण विभाग की अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांवों में स्थित सरकार बिल्डिंगों और किराये पर चल रही आंगनवाडी केन्द्रों की संख्याओं का डाटा उपलब्ध करवाया जाए।

उन्होंने बताया कि 8 मार्च को पंचकूला से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा उपमंडल के विभिन्न गांवों में तैयार की गई आंगनवाडी की 6 भवनों का उद्घाटन भी किया। एसडीएम ने एचएसएएमबी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में 12 सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है, जिस तय समय पर पूरा किया जाए और प्रस्तावित अन्य सडकों के निर्माण कार्य को जल्द शुरू करवाया जाए। उन्होंने कहा कि गांव बीड बरटोली, मेहरा, जोगी माजरा में बनाई जा रही व्यायामशालाओं के निर्माण को तय समय पर पूरा किया जाए। एसडीएम ने शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, फायर एवं सेफ्टी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग के अधिकारियों को को अपने-अपने कामों की प्रगति रिपोर्ट बनाकर भेजने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ वीरेन्द्र चौधरी, डीडीपीओ विकास, रोडवेज जीएम शेर सिंह, एक्सईएन एचएसएएमबी सतीश कुमार, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी अमित मैहला, एसएमओ लाडवा डा.कृष्ण कुमार, बीडीपीओ राहुल, बीडीपीओ लाडवा साहब सिंह सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# विधायक पवन खरखोदा व मेयर राजीव जैन ने किया लिवान गांव में सीवर लाइन का शुभारंभ

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

सोनीपत 17 मार्च। खरखोदा से विधायक पवन खरखोदा व मेयर राजीव जैन ने लीवान गांव में एक करोड़ 22 लख रुपए की लागत से तैयार की गई सीवर लाइन का शुभारंभ किया। विधायक पवन खरखोदा ने कहा कि सीवर की समस्या का स्थाई तौर पर समाधान किया जा रहा है। इस सीवर लाइन के शुरू होने से गांव के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। गॉव में पानी की निकासी अच्छी तरह से होगी व गंदगी खत्म होगीं। उन्होंने कहा कि खरखोदा हलके के सभी गांवो के विकास के लिए वह इस तरह से लगातार कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर मेयर राजीव जैन ने कहा कि यह सीवर लाइन एक करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से बनी है सीवर लाइन गांव के लोगों के लिए वरदान साबित होगी। इस दौरान उन्होंने राई व लिवान गांव में जल निकासी के लिए तैयार की जा रही 17 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत वाली सीवर लाइन का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि इस सीवर लाइन के शुरू होने से राई व लिवान गांव में लंबे समय से हो रही गंदे पानी की निकासी की समस्या का स्थाई समाधान होगा।

## तजिंद्र सिंह गोल्डी की ताजपोशी पर सीएम नायब सिंह सैनी का जताया आभार

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 17 मार्च।** हरियाणा भाजपा आलाकमान एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वर्षो से भाजपा के कर्मठ, सक्रिय, मेहनती कार्यकर्ता तजिंद्र सिंह गोल्डी को कुरुक्षेत्र भाजपा का नया जिला अध्यक्ष मनोनीत करने पर भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ हरियाणा की प्रांतीय कार्यकारणी के सदस्य व राष्ट्रपति अवार्डी पवन आश्री ने आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान ने इस पद पर वास्तव में पार्टी के एक निष्ठावान, वफादार एवं धरातल से जुड़े कार्यकर्ता तजिंद्र सिंह गोल्डी को मौका दिया है, जो निश्चित रूप से भाजपा की समस्त नीतियों पर खरा उतरने वाले होनहार युवा हैं। पवन आश्री ने इस नियुक्ति के लिये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल शर्मा, हरियाणा भाजपा के महामंत्री एवम कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का आभार जताया है।

## कला विचारों और संवेदनाओं की अभिव्यक्ति: प्रो. दिनेश कुमार

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 17 मार्च।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में ललित कला विभाग में तीन दिवसीय सामूहिक कला प्रदर्शनी अनहद का शुभारंभ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने किया। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, कला केवल एक माध्यम नहीं, बल्कि विचारों और संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है। अनहद प्रदर्शनी इस बात का सशक्त प्रमाण है कि छात्र कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अग्रसर हैं। ललित कला विभाग के अध्यक्ष, डॉ गुरचरण सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी ललित कला विभाग के तीन विद्यार्थियों विभू त्यागी, कुमुद और एशा चकमा द्वारा आयोजित की गई है। इन छात्रों ने अपनी कला के माध्यम से न केवल अपनी व्यक्तिगत सोच को व्यक्त किया है, बल्कि इस क्षेत्र में अपनी आगामी यात्रा की शुरूआत भी की है। इस अवसर पर ललित कला विभाग के शिक्षक गण डॉ. पवन कुमार, डॉ. राकेश बानी, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. आर. के. सिंह, सुशील रंगा, इशू जिंदल व सोहन दक्ष सहित विभाग के अन्य शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह कला प्रदर्शनी 19 मार्च तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

## होंडा मोटरसाइकिल ने लॉन्च की शाइन 100

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**



**करनाल, 17 मार्च।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज अपडेटेड डइऊ2इ-कॉम्प्लाएंट शाइन 100 को जबर्दस्त स्टाइल के साथ पेश किया है। नई 2025 होंडा शाइन 100 की कीमत 68,767 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। यह अब पूरे भारत में एचएमएसआई की डीलरशिप्स पर उपलब्ध है।

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने अपडेटेड शाइन 100 पेश करते हुए कहा, "हमें भारत में अपने ग्राहकों के लिए नई डइऊ2इ झ्र कॉम्प्लाएंट शाइन 100 पेश करते हुए खुशी हो रही है। मार्च 2023 में लॉन्च होने के बाद से, शाइन 100 ने एचएमएसआई के मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो में सबसे तेजी से बढ़ते ब्रांडों में से एक के रूप में अपनी जगह बनाई है। एंट्री-लेवल की यह मोटरसाइकिल बहुत भरोसेमंद है, कम पेट्रोल में ज्यादा चलती है, और पैसे के हिसाब से अच्छी है। इसलिए इसे ग्राहकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। नए अपग्रेड के साथ, हमने पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचाने और उच्च गुणवत्ता की गाड़ियां लाने की हमारी प्रतिबद्धता को जारी रखा है।"

इस घोषणा के बारे में, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग के डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने कहा, "शाइन 100 एंट्री लेवल के मोटरसाइकिल सेगमेंट में एक मजबूत सवारी है, जो किफायती कीमत पर असाधारण गुणवत्ता और आराम प्रदान करती है। इस नए अपग्रेड के साथ, हम इसकी अपील को और बढ़ा रहे हैं और उत्सर्जन के नए नियमों का पालन कर रहे हैं। हमने गाड़ी की कम ईंधन की खपत करने की लोकप्रियता और भरोसे को भी कायम रखा है। शाइन 100 ने एंट्री-लेवल के यात्री वर्ग में होंडा की उपस्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और हमें पक्का यकीन है कि 'नए इंडिया की अमेजिंग शाइन' का यह नया वर्जन पूरे भारत में ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को आकर्षित करना जारी रखेगा।"

## पीड़ितो को मिले यथाशीघ्र आर्थिक सहायता : एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**तोशाम, 17 मार्च।** एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि एससी-एसटी एक्ट के पीड़ितो को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार यथाशिघ्र आर्थिक सहायता मिलनी सुनिश्चित हो। डॉ. अशवीर सिंह नैन ने आज सोमवार को अपने कार्यालय में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं मोनिटरिंग कमेटी की बैठक की समीक्षा करते हुए यह बात कही। एसडीएम उपमंडल में अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत के केसों की समीक्षा कर रहे थे।

# डॉ. लक्ष्मी वेणु बनेंगी TAFE की नई वाइस चेयरमैन



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**करनाल, 17 मार्च।** एक प्रमुख ट्रैक्टर कंपनी एवं विश्व की सबसे बड़ी ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी TAFE - ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड की डायरेक्टर डॉ. लक्ष्मी वेणु को TAFE की वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। डॉ. लक्ष्मी एक प्रभावशाली लीडर हैं, जिन्होंने कृषि मशीनीकरण और ऑटो कंपोनेंट व्यवसाय में कई उपलब्धियां अपने नाम की हैं। डॉ. लक्ष्मी रणनीतिक विचार, कस्टमर-सेंट्रिक अप्रोच रखने, गुणवत्ता को उचित महत्व देने के साथ-साथ ळअक्रऋए के मैसी फर्ग्यूसन और आयशर ट्रैक्टर के व्यवसाय में काफी गहराई से संलिप्त हैं। यह उनके लीडरशिप एवं लोगों, नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस सम्मान में, TAFE ने डॉ. लक्ष्मी वेणु को TAFE बोर्ड का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। TAFE की चेयरमैन एवं एमडी मल्लिका श्रीनिवासन ने कहा, डॉ. लक्ष्मी हमारी लीडरशिप टीम की एक अहम सदस्य और TAFE बोर्ड की सदस्य रही हैं। उनके इस प्रभावशाली योगदान को देखते हुए, बोर्ड अति प्रसन्नता सहित उन्हें वाइस चेयरमैन नियुक्त कर रहा है। हमें आशा है कि वे अपनी लीडरशिप में भविष्य के लिए निर्माण पर बल देते हुए TAFE के सहयोगात्मक, मूल्य-आधारित अप्रोच का प्रयोग ळअक्रऋए के कल्टीवेटिंग द वर्ल्ड विजन को सार्थक बनाने की दिशा में करेंगी। बोर्ड और मैनेजमेंट की ओर से, हम उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देते हैं। डॉ. लक्ष्मी की नियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए, TAFE के डायरेक्टर, पी बी संपत ने कहा, डॉ. लक्ष्मी एक मजबूत शैक्षणिक सामर्थ्य एवं ट्रैक्टर और ऑटो कंपोनेंट उद्योग में उत्तम अनुभव रखने के साथ ही व्यवसाय की अच्छी सूझबूझ, अनुभव और मान्यताओं का बेहतरीन ज्ञान रखती हैं। संस्थापक के परिवार से विरासत में प्राप्त सिद्धांतों की समृद्ध धरोहर को आगे बढ़ाते हुए वे TAFE के आने वाले सफर को अवश्य हीं अधिक रोमांचक और कामयाब बनाएंगी।
TAFE के सीईओ, संदीप सिन्हा ने कहा, "प्रोडक्ट के बारे में डॉ. लक्ष्मी के गहन ज्ञान के साथ-साथ उनकी प्रचालात्मक कुशलता और मार्केट एंगेजमेंट का संतुलन बनाए रखने में अनूठी विशेषज्ञता, भारतीय एवं वैश्विक बाजारों की गहरी समझ और नई टेक्नोलॉजी में गभीर रुचि, उनके कुछ ऐसे गुण हैं जिनकी बदौलत वे ळअक्रऋए की एक बेहतरीन लीडर बन सकती हैं।" TAFE का वाइस चेयरमैन नियुक्त किए जाने के उपलक्ष में डॉ. लक्ष्मी ने कहा, "मैं बोर्ड का धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मुझपर इतना भरोसा दिखाया है। मैं बोर्ड एवं TAFE और आयशर ट्रैक्टरों की टीमों के साथ मिलकर काम करने के लिए अत्यंत उत्सुक हूं ताकि अपनी कंपनी को अधिक मजबूत बना सकूं और लगातार सफलता प्राप्त करते हुए अपने रणनीतिक लक्ष्यों को हासिल कर सकूं।" डॉ. लक्ष्मी ने अपने योगदान से कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जहाँ उन्हें 2023 में बिजनेस टुडे की एक "मोस्ट पावरफुल वीमेन इन बिजनस" के रूप में मान्यता प्राप्त हुई थी। उन्हें इकोनॉमिक टाइम्स के "यंग लीडर्स - 40 अंडर 40" से भी सम्मानित किया गया है। डॉ. लक्ष्मी एक प्रमुख ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर, सुंदरम-क्लेटन लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर भी हैं। उन्होंने येल यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया है और ब्रिटेन के वारविक यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग मैनेजमेंट में डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त की है।

## युवक 5.58 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 17 मार्च।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव जगमालवाली से एक युवक को 5.58 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। को काबू करने में कामयाबी हासिल की है।
सीआईए कालांवाली प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एएसआई मनोहर लाल पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव जगमालवाली में मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने शक के आधार पर एक युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 5.58 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान गुरप्रताप उर्फ गग्गू पुत्र मिठू सिंह निवासी जगमॉलवाली व असल सप्लायर गुरविंदर उर्फ गिंदा पुत्र मीठा सिंह निवासी पीपली के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कार्यवाही की गई है।

## आईटीआई गई छात्रा लापता

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 17 मार्च।** ऐलनाबाद थाना क्षेत्र के गांव भुर्टवाला से सिरसा आईटीआई के लिए आई एक युवती लापता हो गई।
पुलिस को दी शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि बीती 13 मार्च की सुबह उनकी बेटी रोजाना की भांति सिरसा आईटीआई कॉलेज में गई थी, लेकिन उसके बाद से वापस घर नहीं आई। उसने अपने स्तर पर आस पड़ोस व रिश्तेदारी में तलाश की लेकिन लडकी का कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## श्रीमद् भागवत कथा को लेकर सेवादारों द्वारा तैयारियां जोर-शोर से जारी



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया,17 मार्च।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सौजन्य से अनाज मंडी रतिया में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा को लेकर सेवादारों व श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां जोर-शोर से जारी है। साध्वी संतोष भारती,विष्णु अर्चना भारती व पूजा भारती ने जानकारी दी कि दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा 19 मार्च से 25 मार्च तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक रतिया स्थित अनाज मंडी शैड नंबर 1 में आयोजित होने जा रही है। इस कथा के शुभारंभ से पूर्व 18 मार्च को सुबह 10 बजे मंगल कलश यात्रा भी निकाली जा रही है। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास भागवत भास्कर साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती जी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 20-21 मार्च को नाडी वैद्य आ रहे हैं जो सुबह 8:00 बजे से खाली पेट आयुर्वेदिक आधार पर मरीजों की जांच करेंगे।

## रतिया पुलिस ने नशा सप्लाई करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर
रतिया,17 मार्च। एसपी आस्था मोदी द्वारा नशा तस्करों के साथ नशा सप्लायरों की धरपकड़ को लेकर दिए गए निदेर्शों पर कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान सुभाष चन्द्र पुत्र द्वारका प्रसाद निवासी भोडिखेड़ा, जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक कार को भी बरामद किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 17 अगस्त 2024 को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान रत्ताखेड़ा माइनर नहर के पास से पैदल आ रहे एक युवक को काबू किया था। पकड़े गए युवक ने अपना नाम गुरचरण सिंह उर्फ चन्ना पुत्र मेहर सिंह निवासी इम्पलाइज कॉलोनी, रतिया बताया था। पुलिस ने उसके पास से 3 किलो कचरा डोडा पोस्त बरामद किया था। आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने उसे नशा सप्लाई करने के आरोपी को भी गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# डीटीपी की टीम ने अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को किया नष्ट

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 17 मार्च।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी में एक गांव 2.5 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी में लगभग 2.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि



उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी में लगभग 2.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में कच्ची सडकों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी में लगभग 2.5 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

# विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिव्यांग छात्र कृष्ण को मिला इंस्पायर मानक अवार्ड

### -राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के छात्र की उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 17 मार्च।** स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के मेधावी छात्र कृष्ण को उनके नवाचार ह्यमल्टीपरपज हेल्पिंग स्टिकह्ल के लिए प्रतिष्ठित ह्यइंस्पायर मानक अवार्डह्ल से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन छात्रों को प्रदान किया जाता है, जो विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। इस उपलब्धि के लिए कृष्ण को दस हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। वहीं विद्यालय के छात्र लक्ष्य ने भी जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस



उपलब्धि पर जिला परियोजना अधिकारी सुरेश भारद्वाज द्वारा उन्हें एक हजार की राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या पूनम श्योराण ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र निरंतर विज्ञान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, लोहारू विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है, जहां उत्कृष्ट शिक्षकों द्वारा विज्ञान को रोचक एवं प्रायोगिक ढंग से पढ़ाया जाता है। विज्ञान संकाय के एचओडी मुकेश धानिया ने बताया कि विद्यालय में छात्रों को नवाचार और अनुसंधान के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। रसायन शास्त्र के प्रवक्ता नीरज शर्मा ने कृष्ण की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मल्टीपरपज हेल्पिंग स्टिक दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती है। उन्होनें बताया कि कृष्ण दिव्यांग छात्र है लेकिन इसने दिव्यांगता को अपना हथियार बनाया और अनेक उपलब्धियां अपने नाम की।
जीव विज्ञान प्रवक्ता अन्नु कुमारी ने कहा कि यह पुरस्कार छात्र को नए अवसर प्रदान करेगा और वैज्ञानिक खोजों में रुचि बढ़ाएगा। विज्ञान अध्यापक कमल शर्मा ने विज्ञान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को अनुशासन और एकाग्रता के महत्व को समझने की प्रेरणा दी तथा बताया की कृष्ण शुरू से ही प्रतिभावान छात्र रहा है।इससे पहले कृष्ण का चयन नेशनल मेरिट मेंस कम स्कॉलरशिप के लिए भी हो चुका है जिसके तहत उसे हर वर्ष 12 हजार रुपए की वार्षिक स्कॉलरशिप आगामी 4 वर्ष तक मिलेगी।

## समाधान शिविर से संबंधित लंबित शिकायतों का त्वरित करें समाधान : एसडीएम सुरेश कुमार



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया, 17 मार्च।** सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम सुरेश कुमार ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर से संबंधित लंबित शिकायतों का त्वरित समाधान करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का समाधान करके शिकायत कताओं को अवश्य सूचित करें। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि शिकायत कताओं को संतुष्ट करना हम सब की जिम्मेदारी है। एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ लेने में आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान करें और कोई भी शिकायत पेंडिंग न हो, ताकि आमजन को अधिक से अधिक योजनाओं का फायदा हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस अवसर पर शिविर में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने ली मतदाता सूची एवं चुनाव से संबंधित मुद्दों पर राजनीतिक दलों की बैठक



**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 17 मार्च।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निदेर्शानुसार हलका गुहला में मतदाता सूची एवं चुनाव से संबंधित मुद्दों पर राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में गुहला के विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने मतदान केंद्रों, वार्डों तथा मतदाता सूची से संबंधित विषय पर चर्चा की।
बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सुझाव देते हुए कहा कि बूथ वाईज बीएलओ की डयूटी लगाकर मतदाता सूची को आधार कार्ड से लिंक किया जाए। मतदाता सूची में त्रुटि को दूर करने के लिए सरल सिस्टम बनाया जाए। सभी बूथों को इस प्रकार से बनाया जाए, जिससे एक ही परिवार के सभी सदस्यों के वोट एक बूथ पर डाल सके। मतदाता के नाम, पता, या उसके स्थानांतरण हो जाने जैसी त्रुटियों को समय-समय पर मतदाता सूची में अपडेट किया जाए। मतदाता सूची को दुरूस्त करने के लिए ज्यादा से ज्यादा शिविर आयोजित किए जाए। वोटर कार्ड में समय-समय पर फोटो को अपडेट किया जाए, जिससे वोटर की पहचान सही से की जा सके।
इस मौके पर जोगा सिंह, मांगे राम जिंदल, दलबीर सिंह सीड़ा, अवतार सिंह सीड़ा, साहब सिंह, सुखचैन सिंह आदि मौजूद रहे।

# लोहारू के उप नागरिक अस्पताल को मिली फुली ऑटोमेटिक बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन, मरीजों को होगा फायदा

### मशीन से एक साथ 72 मरीजों के करीब 500 रोगों की हो सकेगी जांच

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 17 मार्च।** नगर स्थित उप नागरिक अस्पताल की प्रयोगशाला को मरीजों की विभिन्न बीमारियों की जांच के लिए फुली ऑटोमेटिक बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन को इंस्टॉल कर दिया गया है तथा अब एक साथ 72 रोगियों की लगभग 500 बीमारियों का टेस्ट एक साथ किया जा सकेगा। ऐसे में मरीजों को प्राइवेट लैब में करवाए जाने वाले लैब टेस्ट के भारी भरकम खर्च से निजात मिलने के साथ-साथ समय व धन की भी बचत होगी।
उप नागरिक अस्पताल में फुली ऑटोमेटिक बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर का डैमो कार्य भी विशेषज्ञों की टीम द्वारा पूरा किया जा चुका है तथा अब विभाग द्वारा एनालाइजर के रिजेंटस उपलब्ध करवाने के बाद यह मशीन काम करना शुरू कर देगी। इस मशीन की कीमत करीब 38 लाख रुपये के आसपास बताई जा रही है। विदित रहे कि फुली ऑटोमेटिक




बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर की सुविधा केवल जिला अस्पताल भिवानी में ही उपलब्ध है परंतु अब लोहारू के उप नागरिक अस्पताल में भी यह एनालाइजर उपलब्ध होने से मरीज की सीबीसी, शुगर, यूरिया, एलएफटी, केएफटी, लीवर, किडनी, शुगर, पीलिया व लिक्विड प्रोफाइल कोलेस्ट्रॉल संबंधित जांच सहित लिक्विड प्रोफाइल में सभी टेस्ट आदि जैसे अनेक प्रकार के टेस्ट एक ही बार में किए जा सकते हैं।

**ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को मिलेगी राहतः-**
उल्लेखनीय है कि किसी भी प्रकार की बीमारियों की पहचान के लिए चिकित्सक सबसे पहले मरीज की आवश्यक जांच करवाते हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही मरीज का उपचार शुरू करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अस्पताल में यह मशीन नहीं होने से ग्रामीण रोगियों को निजी अस्पतालों या भिवानी जिला मुख्यालय के अस्पताल में जाना पड़ता था। निजी अस्पतालों में जांच के नाम पर लोगों से हजारों रुपये ले लेते हैं। वहीं जिला अस्पताल में अत्यधिक भीड़ के कारण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती थी। लोहारू के अस्पताल में यह मशीन शुरू होने के बाद मरीजों को राहत मिलने की पूरी संभावना है। इससे उनके समय व पैसे की भी बचत होगी।

**क्या कहते है अधिकारीः-**
कार्यवाहक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. गौरव चतुर्वेदी ने बताया कि विभाग द्वारा उप नागरिक अस्पताल में फुली ऑटोमेटिक बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन को इंस्टॉल करवा दिया गया है। मशीन के रिजेंटस मिलने के बाद मशीन को चालू कर दिया जाएगा। इससे मरीजों को फायदा मिलेगा तथा उनके समय व धन की भी बचत होगी।

## एसर ने चंडीगढ़ में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया, चौथे एक्सक्लूसिव स्टोर का उद्घाटन



**हरियाणा वाटिका/प्रवीण कुमार**
**चंडीगढ़, 17 मार्च।** एसर, जो कि एक वैश्विक प्रौद्योगिकी लीडर है, ने चंडीगढ़ में अपना चौथा एक्सक्लूसिव स्टोर खोलने की घोषणा की है, जो सेक्टर 22 में स्थित है। करीब 650 वर्ग फुट के इस स्थान को इंटरएक्टिव अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जहां ग्राहक नवीनतम लैपटॉप, प्रीमियम गेमिंग डिवाइसेज और अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों की खोज कर सकते हैं।
लॉन्च कार्यक्रम में एसर इंडिया के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति रही, जिसमें मुख्य बिक्री अधिकारी संजीव मेहतानी और रिटेल बिजनेस एवं प्रोग्राम्स मैनेजमेंट के एसोसिएट निदेशक अमित कुमार सिंह शामिल थे।
माइक्रोजोन द्वारा संचालित यह स्टोर उन्नत उत्पादों की एक विशेष रूप से चयनित श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें उच्च-प्रदर्शन वाले लैपटॉप, प्रीमियम गेमिंग डिवाइसेज और अत्याधुनिक तकनीकी समाधान शामिल हैं। इसे एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे ग्राहक अत्याधुनिक गेमिंग सिस्टम से लेकर रोजमर्रा और पेशेवर उपयोग के लिए बहुउपयोगी लैपटॉप तक नवीनतम तकनीकों का पता लगा सकते हैं।

# सेलियो ने लुधियाना में एक भव्य स्टोर खोलकर भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाई

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**चंडीगढ़, 17 मार्च।** फ्रांस के प्रीमियम मेंसवेयर ब्रांड सेलियो ने लुधियाना में अपना नया स्टोर खोलने की घोषणा की है। यह स्टोर शॉप नंबर - 47, सन व्यू प्लाजा, विलेज अयाली कलां, लुधियाना, पंजाब में स्थित, यह स्टोर 1,800 वर्ग फुट में फैला हुआ है। इसे पेरिस की नजाकत को फैशन के आधुनिक ट्रेंड्स के साथ मिलाकर एक बेजोड़ खरीदारी अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह भारत में सेलियो का 69वां स्टोर है, जो देश में ब्रांड की बढ़ती उपस्थिति को दशार्ता है। इस अवसर पर श्री सत्येन मोमैया, सेलियो इंडिया के सीईओ ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा, "लुधियाना में सेलियो की पेरिसियन विरासत और आधुनिक मेंसवियर कलेक्शन को लाकर हमें बेहद खुशी हो रही है। यह शहर स्टाइल और जोश से भरा हुआ है, और यहां हमारा स्टोर खोलना भारत में हमारे विस्तार की दिशा में एक अहम कदम है। हमारा लक्ष्य स्टाइलिश, हाई-क्वालिटी और किफायती फैशन उपलब्ध कराना है। हम लुधियाना के फैशन-प्रेमी पुरुषों को ऐसा शॉपिंग अनुभव देना चाहते हैं, जहां इंटरनेशनल




ट्रेंड्स और रोजमर्रा की सहजता का बेहतरीन मेल हो।"नए स्टोर में सेलियो का खास कलेक्शन उपलब्ध है, जिसमें कैजुअल वियर, 100% लिनन आउटफिट्स और जरूरी एक्सेसरीज की शानदार रेंज शामिल है। बेहतरीन फिटिंग वाले शर्ट और क्लासिक चिनोस से लेकर स्टाइलिश जैकेट और ट्रेंडी डेनिम तक, हर आइटम ब्रांड की क्वॉलिटी, कम्फर्ट और मॉडर्न स्टाइल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। आधुनिक पुरुषों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, यह स्टोर उन कपड़ों के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन बनने का वादा करता है, जिन्हें ऑफिस से लेकर वीकेंड आउटिंग तक आसानी से स्टाइल किया जा सकता है।
लुधियाना के प्रमुख शॉपिंग हब में स्थित, यह स्टोर अपने आधुनिक डिजाइन और आकर्षक लेआउट के जरिए ग्राहकों से बेहतर जुड़ाव बनाने पर फोकस करता है। साफ-सुथरी और सुव्यवस्थित सजावट के साथ, यह स्टोर एक इंटरएक्टिव और शानदार शॉपिंग एक्सपीरियंस देता है, जो सेलियो की वैश्विक डिजाइन फिलॉसफी को दशार्ता है। शानदार इंटीरियर, खास सेक्शन में सजे प्रोडक्ट्स और आसान ब्राउज़िंग अनुभव के साथ, यह स्टोर लुधियाना में मेंसवियर शॉपिंग का अंदाज बदलने के लिए तैयार है।
इस लॉन्च के साथ, सेलियो बड़े शहरों में अपनी पकड़ और मजबूत कर रहा है और प्रीमियम मेंसवियर सेगमेंट में अपनी अग्रणी स्थिति को और भी सशक्त बना रहा है। ब्रांड पूरे भारत में लगातार विस्तार कर रहा है और नए-नए प्रोडक्ट्स पेश कर ग्राहकों की जरूरतों को प्राथमिकता दे रहा है। सेलियो भारत की आधुनिक स्टाइल को फ्रांस की क्लासिक सुंदरता के साथ मिलाकर फैशन की एक नई परिभाषा गढ़ रहा है।

## नशे की पूर्ति के लिए घर से चुरा ले गया आभूषण

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 17 मार्च।** रानियां थाना क्षेत्र के गांव नानकपुर में एक युवक साथी युवकों की संगत में पडकर नशे की पूर्ति के लिए अपने ही घर से आभूषण चोरी कर ले गया।
पुलिस को दी शिकायत में ओमप्रकाश निवासी नानकपुर ने बताया कि वह फर्नीचर का काम करता है। उसने बताया कि उसके लडके जश्नदीप की दोस्ती आर्यन, अर्श, दिव्यांश व संदीप निवासी गांव नानकपुर के साथ है। गांव की महिला उर्मिला रानी पत्नी बूटा राम व उसका लडका राजकुमार जोकि नशेड़ी टाइप लडकों के संपर्क में रहते हैं तथा जब नशेड़ी टाइप लडकों को नशा करने के लिए पैसे की जरूरत होती है तो यह उनसे अपने ही घर से सोना-चांदी जेवरात चोरी कर-के मंगवाकर कुछ पैसे देकर उनको लूटने का काम करती है। बीती 6 मार्च को उसका लडका जश्नदीप भी उनकी बातों में आ गया और नशापूर्ति के लिए मेरे घर से सोना व चांदी के गहने सोना करीब डेढ़ तोला व चांदी करीब 20 तोले चोरी करके ले गया और अपने उपरोक्त दोस्तों के साथ मिलकर सारे गहने सोना-चांदी उर्मिला रानी को दे दिए। जिसने उसके लडके व उसके दोस्तों को नशापूर्ति के लिए मात्र कुछ रुपए देकर सोना-चांदी के गहने हड़प लिए।

## बकाया कर पर ब्याज एवं जुमार्ने में मिलेगी राहत

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 17 मार्च।** केंद्र सरकार द्वारा पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज एवं जुमार्ने में राहत देने के लिए जीएसटी एमनेस्टी योजना लांच की गई है। इस योजना को हरियाणा सरकार द्वारा भी लागू किया गया है।
उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) आलोक पाशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस योजना की जानकारी सभी पात्र करदाताओं तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक करदाता इसका लाभ उठा सकें। यह योजना उन करदाताओं के लिए लागू होगी जिन पर वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 एवं 2019-2020 के दौरान हरियाणा जीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 73 के तहत बकाया देनदारी है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज एवं जुमार्ने में राहत दी जाएगी, जिससे उनकी कुल कर देयता में कमी आएगी। करदाताओं को केवल बकाया कर का भुगतान करना होगा तथा ब्याज और जुमार्ने की माफी के लिए उन्हें जीएसटी पोर्टल पर आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है।

## संपादक की कलम से

# सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी की दरकार

नकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए टेलीग्राम पर वैश्विक स्तर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. ऑस्ट्रेलिया की इ-सेफ्टी कमीशन ने मार्च 2024 में यूट्यूब, एक्स, फेसबुक, टेलीग्राम को लाइव स्ट्रीमिंग फीचर्स, एल्गोरिदम और रिकमेंडेशन सिस्टम के जरिये चरमपंथी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नोटिस दिया था. कमीशन ने टेलीग्राम से विशेष रूप से पूछा था कि वह बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री को रोकने के लिए क्या कदम उठा रहा है? पुनश्च, अगस्त 2024 में टेलीग्राम के संस्थापक श्री पावेल ड्यूरोव को अवैध गतिविधियों में एप के इस्तेमाल के आरोप में फ्रांस में गिरफ्तार कर लिया गया था. इस वर्ष भी मध्य प्रदेश बोर्ड की 10वीं व 12वीं परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों को टेलीग्राम पर खरीदा और बेचा जा रहा था. ये उदाहरण महज बानगी भर हैं, इन प्लेटफॉर्म पर किये जा रहे काले कारनामों की लंबी फेहरिस्त है.

टेलीग्राम मैसेजिंग एप पर सक्रिय चैनलों और समूहों के माध्यम से कई तरह के गैरकानूनी कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है. इसमें सिनेमा, वेब सीरीज, इ-बुक, सॉफ्टवेयर, हैकिंग सॉफ्टवेयर आदि को बिना अनुमति साझा करना सबसे सामान्य है. यहां निवेश, लॉटरी या अन्य फर्जी आकर्षक योजनाओं की आड़ में ठगी को अंजाम दिया जाता है. डार्क वेब के जरिये ड्रग्स, अश्लील फोटो व वीडियो, क्रेडिट कार्ड के विवरण आदि की खरीद-फरोख्त की जाती है. यहां फर्जी खबरों, सूचनाओं और अफवाहों का भी प्रचार-प्रसार किया जाता है, जिससे सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक अस्थिरता फैलने की आशंका रहती है. राजनीतिक दल, व्यक्ति विशेष और कारोबारी इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अपने एजेंडे और विविध उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए करते हैं. चरमपंथी संगठन भी इसके माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करते हैं. चूंकि टेलीग्राम स्वतंत्र स्त्रोत और निजी मैसेजिंग को बढ़ावा देता है, इसलिए, इस पर लगाम लगाना मुश्किल है.

व्हाट्सएप दुनिया का सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग एप है. इसका इस्तेमाल भी अवैध और अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है. व्हाट्सएप और टेलीग्राम दोनों में एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन की सुविधा होने के कारण गैर-कानूनी कार्यों को अंजाम देना आसान होता है. व्हाट्सएप फॉरवर्ड के जरिये अफवाहें और झूठी खबरें तेजी से फैलती हैं. कोरोना महामारी के दौरान भी वैक्सीन, स्वास्थ्य, सरकारी योजनाओं से जुड़ी भ्रामक जानकारी फैला कर लोगों को भ्रमित किया गया था. फर्जी लॉटरी और नौकरी का झांसा, बैंकिंग और ओटीपी धोखाधड़ी, क्रिप्टो में निवेश, झूठी निवेश योजनाओं, केवाइसी अपडेट धोखाधड़ी, सिम ब्लॉक होने आदि मैसेज भेजकर भी धोखाधड़ी की जा रही है. डीपफेक और मॉर्फ्ड फोटो के जरिये भी ठगी हो रही है. डेटिंग स्कैम के तहत लड़कियों के नाम से नकली प्रोफाइल बनाकर लोगों को ठगा जा रहा है. फर्जी व्हाट्सएप बिजनेस अकाउंट बना नकली सामानों को बेचा जा रहा है.

स्नैपचैट के डिसअपीयरिंग मैसेज फीचर का लाभ उठाकर ड्रग, हथियार, और नकली दस्तावेजों की खरीद-फरोख्त की जा रही है. यहां फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से दोस्ती करना और फिर उनकी निजी तस्वीरें व वीडियो लीक करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना आम हो गया है. अश्लील कंटेंट का स्नैपचैट एक बड़ा अड्डा बन चुका है. यहां पेड सब्सक्रिप्शन मॉडल सक्रिय है. निजी स्नैप या प्रीमियम स्नैप जैसे कोड वर्ड के जरिये गैरकानूनी तरीके से एडल्ट कंटेंट को यहां खरीदा व बेचा जाता है. वहीं फेसबुक और इंस्टाग्राम पर धोखाधड़ी एवं ठगी के लिए पैसे देकर फॉलोअर, लाइक, कमेंट व व्यूज खरीदे व बेचे जा रहे हैं. सोशल मीडिया पर फर्जी नौकरी के ऑफर, फर्जी लिंक भेजकर लोगों की निजी जानकारी व बैंक विवरण चुराये जा रहे हैं. आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे नकली पहचान पत्र बेचे जा रहे हैं. ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी की जा रही है. इन प्लेटफॉर्मों पर फर्जी ब्रांड और ऑनलाइन स्टोर भी सक्रिय हैं, जो सस्ती दर पर उत्पाद बेचने का लालच देकर ठगी को अंजाम देते हैं. यूट्यूब भी ठगी का बड़ा माध्यम है. यहां भी गैर-कानूनी कंटेंट और अश्लील रील दिखाये जा रहे हैं. साथ ही, सब्सक्राइबर, व्यूज और लाइक खरीदे व बेचे जा रहे हैं. पायरेसी और कॉपीराइट उल्लंघन, फर्जी गुरु, फर्जी मोटिवेशनल स्पीकर सभी इस चैनल पर ठगी की दुकान चला रहे हैं. कई यूट्यूब चैनल भ्रामक खबरें, अफवाह और झूठे दावे फैलाकर करोड़ों व्यूज एवं पैसे कमाते हैं. धर्म, राजनीति और समाज से जुड़े विवादास्पद कंटेंट बनाकर भी पैसे कमाये जा रहे हैं. कई तरह के झूठे दावे किये जाते हैं, जिसमें स्वास्थ्य सबसे प्रमुख है.

# हेडफोन-गेमिंग से बच्चों के बहरे होने का खतरा

- ललित गर्ग -


सांकेतिक तस्वीर

टेक्नोलॉजी विकास एवं उससे जुड़े नये-नये उपकरण आधुनिक जीवनशैली को भले ही बहुत आसान कर दिया हो लेकिन इसके अनियंत्रित उपयोग से भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्सर देखा जाता है कि जॉब करने वाले माता-पिता अपना टाइम बचाने एवं सुविधा के लिए बच्चों को छोटी उम्र में ही फोन और हेडफोन का उपयोग करने के लिए देते हैं। लेकिन ये उपकरण उनके बच्चों के लिए कितने नुकसानदायक एवं खतरनाक हैं इसका खुलासा नये-नये अध्ययनों से सामने आ रहा है, जो चिन्ताजनक एवं डरावना है। ऐसे ही एक अध्ययन में यह आशंका जतायी गयी है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और वे बधिरता से ग्रस्त होते जा रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो पिछले कई महीनों में बच्चों के कानों में दर्द, सुनने में परेशानी, बधिरता और संक्रमण की शिकायतें बहुत ज्यादा आ रही हैं। वहीं डॉक्टर्स का कहना है कि इन उपकरणों के उपयोग से कानों पर काफी ज्यादा जोर पड़ता है और घंटो तक तेज आवाज सुनने से सुनने की क्षमता कमजोर पड़ जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को सर्तक किया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों एवं युवाओं में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे एवं युवा जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर में यह समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे एवं युवा अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक विश्वव्यापी आसन्न गंभीर संकट को ही दशार्ता है, इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो बहरों की दुनिया बनने से रोकना मुश्किल हो जायेगा।

विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है। युवाओं एवं बच्चों में बढ़ते मोबाइल एवं ईयरफोन के प्रचलन एवं तेज आवाज में गाने एवं संगीत सुनने की लत से पिछले कुछ सालों में बहरेपन का संकट बढ़ता जा रहा है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में नित-नये आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि सामान्य तौर पर 60 साल के बाद लोगों में सुनने की क्षमता कम होने लगती है। लेकिन जिस तरह की जीवनशैली आज के युवा एवं बच्चे अपना रहे हैं, उससे कम उम्र में ही ये क्षमता कमजोर हो रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह ईयरफोन और हैडफोन को बताया जा रहा है। नए जमाने में हैडफोन और ईयरफोन भले ही काफी उपयोगी हों लेकिन इनका ज्यादा इस्तेमाल करने से युवा एवं बच्चें बहरेपन के रिस्क में आ रहे हैं। माना जा रहा है कि जितने ज्यादा डेसिमल में हेडफोन यूज किया जाएगा, उतना ही ज्यादा कानों को नुकसान होगा। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हैडफोन और ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बेहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन, लेपटोप, हैडफोन और ईयरफोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप एवं शिक्षकों की नसीहतों एवं हिदायतों पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। सरकार भी इसके लिये जागरूक करें। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है।

बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज आवाज से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिकायत बुजुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है

मानव जीवन में सुनने की क्षमता का अक्षुण्ण रहना जीवन की परिपूर्णता का परिचायक है। इस सचाई को नहीं नकारा जा सकता कि श्रवण यानी सुनने की क्षमता जीवन को नया आकार देने, मानसिक दरिद्रता का निवारण करने तथा ऊंचे ध्येय की पूर्ति हेतु आगे बढ़ने की सही चाबी है। जैसे दवा रोग नाशक होती है, पर गलत दवा के सेवन से रोग घटने की अपेक्षा अधिक बढ़ जाता है, वैसे ही गलत जीवनशैली, गलत तरीको से जीने, गलत तरीके से सुनने की क्षमता का उपयोग करने, अनियंत्रित शोर-शराबे को सुनने से जीवन में विकृतियां एवं परेशानियां घुस जाती है और अनेक तरह के श्रवण रोगों का हमला होने लगता है। इसलिये सुनने की क्षमता का सम्यक उपयोग जरूरी है। देखना और सुनना- ये दोनों ही जीवन-विकास एवं ज्ञान-वृद्धि के माध्यम है। पर सुनना अधिक शक्तिशाली साधन है, क्योंकि आंखों में जो दृश्य प्रतिबिम्बित होते हैं, वे तात्कालिक होते हैं। श्रवण-पथ से ही हम ज्ञान के साथ-साथ दीर्घकालिक अनुभवों को आत्मसात कर सकते हैं। इसलिये श्रवण-पथ या सुनने की क्षमता पर हो रहे हमलों को हम गंभीरता से ले अन्यथा सुनने की पंगुता हमारे जीवन का अभिशाप बन सकती है।

प्रेषकः

(ललित गर्ग)

## कठोपनिषद-7 ( द्वितीय वल्ली)

यम ने जीव- ईश्वर को चित्त शक्तियों का स्वरूप बतलाया,
ओम का नाम साधन और आत्म तत्व साध्य कहलाया,
ज्ञानवान होने से है चेतन जीवात्मा,
न मरे न उत्पन्न हो यह आत्मा,
आत्मा के नहीं बल्कि मृत्यु -जन्म शरीर के धर्म,
जीवात्मा नहीं उपादान कारण न ही किसी का कर्म,
स्वतंत्र सत्ता है जो अजन्मा नित्य सदा पुरा काल,
शरीर के हिसिंत होने पर भी आत्मा है सदा काल,
शरीर पर आघात से देह से होता पृथक आत्मा ,
उसे मरा हुआ मारने वाला जानता,
वास्तविकता से परे हैं ये सब बातें,
तन के खंडित होने पर पंचभौतिक शरीर को अलग पाते,
तन नष्ट नहीं यह तो है नित्य और शाश्वत,
मरने और मारने वाला होता अज्ञान को प्राप्त,
वह ब्रह्म शक्ति सूक्ष्म से सूक्ष्म और महान से महान,
आत्मा है सर्वव्यापक उसका हृदय में ही स्थान,
ध्वनि लेने वाला होता है प्राप्त करता,
निष्काम भाव से कार्य करने वाला अनुभव कर सकता,
ऐसे मनुष्य को मिले भगवान का आशीर्वाद,
जन्म-मरण शोक दुख रहित होकर रखे ईश्वर से लगाव,
परमात्मा जीव की गुफा में है रहता छिपा,
जीव उस आत्मा की पृथक है सत्ता,
ईश्वर कृपा से मानव जाने आत्मा को प्रमुख,
आत्मा पर दया करके परमात्मा करे प्रकट सुख,
परमात्मा दूर तक पहुंचा हुआ हर घड़ी जागृत,
महाप्रलय में प्रसुप्त प्रतीत है सर्वत्र व्यापक,
आनंद परमानंद रूप परम आत्म तत्व,
कण- कण में विद्यमान फैला सर्वत्र,
शरीर रहित होने से वह निराकार,
उसके शरीर में स्थित है सूर्य चंद्र पृथ्वी आदि आकार,
स्वयं नश्वरशील कार्य जगत में हो रहा स्थित,
परम आत्मशक्ति को धीर पुरुष जानने में रहे प्रवृत्त,
परमानंद का करे अनुभव शोक सागर से तरे,
परम शक्ति को अपने में देख सदा आगे बढ़े।

**क्रमशः**



**-डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।**

# सुलगता बलूचिस्तान !

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को जो हुआ, उससे दहशतगर्दी का एक नया और खौफनाक रूप सामने आया है। बलूच लिबरेशन आर्मी के आतंकियों ने यात्रियों से भरी चलती ट्रेन को हाईजैक कर लिया और ४००-५०० यात्रियों को बंधक बना लिया। इसमें आम जनता के साथ-साथ पाकिस्तानी सैनिक, पुलिस, आतंकवाद विरोधी दस्ते और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारी भी शामिल हैं। कहना होगा कि यह बलूच लिबरेशन आर्मी द्वारा पाकिस्तान सरकार और सेना को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा झटका है। दोपहर में जब क्वेटा से पेशावर जानेवाली जाफर एक्सप्रेस मशफाक सुरंग के पास पहुंची तो ह्यबीएलएह्ल आतंकवादियों ने विस्फोट कर ट्रेन पर हमला कर दिया और पूरी ट्रेन को अपने कब्जे में ले लिया। यात्रियों को बंधक बना लिया गया। पाकिस्तानी सेना ने अब बंधकों को छुड़ाने के लिए ऑपरेशन शुरू कर दिया है। उसका दावा है कि उसने १०० से अधिक बंधकों को छुड़ाया है और कुछ आतंकवादियों को मार गिराया है। उधर, ह्यबीएलएह्ल ने कहा है कि उसने कुछ बंधकों को छोड़ दिया है और करीब तीस पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। ह्यट्रेन हाईजैकह्ल के इस आतंकी ड्रामा पर पर्दा गिरने तक दोनों तरफ से दावे-प्रतिदावे जारी रहेंगे। लेकिन सच तो यह है कि बलूच आतंकवादियों ने पूरी ट्रेन को हाईजैक कर पाकिस्तान के सिर पर कील ठोक दी है। जब पाकिस्तान का निर्माण हुआ तो बलूचिस्तान को देश में मिला लिया गया। तभी से बलूच लोगों और पाकिस्तानी हुक्मरानों, फौज के बीच संघर्ष जारी है। पाकिस्तानी हुक्मरानों द्वारा दमन, विकास की उपेक्षा, समृद्ध इलाके के बावजूद बलूच लोगों के हिस्से आई गरीबी और शुरू से ही पाकिस्तान में शामिल होने के विरोध के कारण स्वतंत्र बलूचिस्तान की मांग को लेकर दशकों से तहरीक, आंदोलन होते रहे हैं। यह अब दहशतगर्दी और आत्मघाती गतिविधियों तक पहुंच गया है। बलूचिस्तान में चीन द्वारा बनाए जा रहे ग्वादर बंदरगाह और वहां से चीन तक जानेवाले ह्यपाकिस्तान-चीन इकोनॉमिक कॉरिडोरह्ल की परियोजनाओं से बलूच लोगों को लग रहा है कि चीन पाकिस्तान के साथ मिलकर उनकी खनिज संपदा भी लूट लेगा। इसके चलते चीनी सैनिकों पर हमले बढ़ गए हैं। ग्वादर और पाकिस्तान-चीन इकोनॉमिक कॉरिडोर दोनों परियोजनाएं भूराजनीतिक तौर पर भारत के लिए भी खतरे की घंटी हैं। इसलिए पाकिस्तानी हुक्मरान आरोप लगा रहे हैं कि भारत बलूच विद्रोहियों की आग में घी डाल रहा है। अब भी जाफर एक्सप्रेस के अपहरण के पीछे भारत के होने का राग पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ अलाप रहे हैं। दशकों पहले, भारत में आतंकवादी हमलों के लिए व्यापक रूप से ह्यपाकिस्तान का हाथह्ल बताया जाता था। अब पाकिस्तानी हुक्मरानों को बलूचिस्तान में बलूच आतंकवादियों की गतिविधियों के पीछे भारत का हाथ नजर आता है। बलूचिस्तान, वहां के आंदोलन और उसके प्रति पाकिस्तान की नीति, यह उस देश का मुद्दा है। बहरहाल, पाकिस्तान के हुक्मरानों को इस बात पर आत्ममंथन करना चाहिए कि हालात इतने खराब क्यों हुए, वैष्ठसे वहां का जनआंदोलन अब सीधे आतंकवादी-आत्मघाती हमलों, पूरी यात्री ट्रेन को हाईजैक करने तक पहुंच गया है। बलूच विद्रोहियों का क्या हश्र होगा, क्या पाकिस्तान चीन की मदद से उनकी गतिविधियों को कुचलने में सफल होगा, क्या बलूचिस्तान पाकिस्तान के लिए दूसरा ह्यबांग्लादेशह्ल बन जाएगा ऐसे कई सवाल बलूच लिबरेशन आर्मी के आतंकियों द्वारा ह्यजाफर एक्सप्रेसह्ल के अपहरण से खड़े हो गए हैं। इन सवालों का जवाब भविष्य में मिलेगा, लेकिन फिलहाल बलूचिस्तान के हालात पाकिस्तान के नियंत्रण से बाहर हो गए हैं और निश्चित तौर पर सुलगता बलूचिस्तान पाकिस्तान पर लटकती तलवार बन गया है।

इसमें कोई दो राय नहीं है!

# जीडीपी की अंधी दौड़ से बढ़ेगा प्रदूषण

- डॉ. सुदर्शन अयंगर



खतरनाक रूप से उच्च वायु प्रदूषण के स्तर में वाले शहरों की सूची में अधिक कस्बों और शहरों को जोड़ा जाएगा। प्रदूषण घटाने के प्रयास वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन को और बढ़ाएंगे जो सकल घरेलू उत्पाद में जोड़ देंगे। अधिक संपन्नता के कारण सड़कों पर जीवाश्म ईंधन से चलने वाले मोटर चालित वाहनों की मांग बढ़ेगी। गतिहीन जीवन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय और कार्डियो-श्वसन समस्याओं जैसी जीवनशैली की बीमारियों को जन्म देगा।

12 मार्च को एक राष्ट्रीय समाचारपत्र के अहमदाबाद संस्करण में एक शीर्षक ने ध्यान आकर्षित किया, 'क्या उपभोग की गरमाहट खपत को ठंडा कर सकती है?' विडंबना यह है कि 1930 में 12 मार्च के ही दिन गांधीजी और उनके चुने हुए 79 सत्याग्रहियों ने नमक कानून तोड़ने के लिए सुबह 6 बजे साबरमती आश्रम छोड़ दिया था। यही था सुप्रसिद्ध दांडी मार्च। प्रामाणिक दस्तावेजों में उस ऐतिहासिक दिन के विवरण में असामान्य गर्मी या तापमान में वृद्धि का उल्लेख नहीं किया गया था। 95 साल में मौसम विभाग ने रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अहमदाबाद में 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है। उस जमाने में तब शायद ही कोई मध्यवर्गीय अपने घर में पंखा लगे होने का दावा कर सकता था। होली के त्यौहार के समय सुबह ठंडी होती थी और दोपहर में तापमान 35 डिग्री से ऊपर नहीं जाता था। 22 दिसंबर, 1916 को गांधीजी ने इलाहाबाद में अर्थशास्त्रियों के समक्ष व्याख्यान दिया था जिसका शीर्षक था 'क्या आर्थिक प्रगति वास्तविक प्रगति से टकराती है?' 12 मार्च को प्रकाशित इस समाचार में यह प्रश्न पुनः उठाया गया है।

समाचार रिपोर्ट में कहा गया है- 'आधिकारिक मौसम एजेंसी ने चेतावनी दी है कि इस साल अधिक तीव्र गर्मी पड़ेगी। इस चेतावनी में भी उम्मीद की एक परत है क्योंकि तापमान सामान्य से अधिक होता है इसलिए एयर कंडीशनर, कूलर और शीत पेय पदार्थ जैसे उत्पादों की बिक्री में विशेष रूप से मजबूती देखी जाती है। यह मजबूती भारत की शहरी खपत में चल रही मंदी के बीच उपभोक्ता आधारित कंपनियों के लिए राहत प्रदान करता है'। इस संदर्भ में गांधीजी ने अपने व्याख्यान में कहा था- 'पश्चिमी देश आज भौतिकवाद के राक्षस-देवता की एड़ी के नीचे कराह रहे हैं। उनका नैतिक विकास अवरुद्ध हो गया है। वे अपनी प्रगति को पाउंड में मापते हैं। साउथ डकोटा अमेरिकी धन मानक बन गया है। वह अन्य राष्ट्रों के लिए ईर्ष्या का विषय है। मैंने अपने कई देशवासियों को यह कहते सुना है कि हम अमेरिकी धन हासिल करेंगे लेकिन इसके तरीकों से बचें। मैं यह सुझाव देने का साहस करता हूं कि यदि ऐसा प्रयास करते हैं तो और यदि यह किया गया था, तो यह विफलता का पूवार्भास है।' (कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी, खंड 13, पृष्ठ 310-17)

कयामत के दिन के बारे में गांधीजी द्वारा की गयी भविष्यवाणी भले ही सच साबित न हुई हो लेकिन प्रतिकूल जलवायु परिवर्तन तेजी से महसूस किया जा रहा है। उपर्युक्त समाचार में मुद्दा यह है कि प्रतिकूल जलवायु की स्थिति में भारत के सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने की क्षमता है! कोई यह तर्क दे सकता है कि गर्मियों के महीनों (मार्च-जुलाई) में आम तौर पर कुछ उपभोक्ता सामग्रियों, जैसे कोल्ड ड्रिंक, टैल्कम पाउडर, आइसक्रीम आदि की मांग में वृद्धि होती है। हालांकि, पिछले तीन दशकों में फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेगमेंट ने बिक्री में 40 से 60 फीसदी के बीच अधिक वृद्धि दिखाई है। तर्क यह है कि गर्मी में लू की घटनाएं जितनी अधिक होती हैं तथा दिन व रात का तापमान जितना अधिक होता है, कूलर और एयर कंडीशनर जैसे शीतलता प्रदान करने वाले उपकरणों की बिक्री उतनी ही अधिक होती है। यदि सर्दियों में शीत लहर चली तो भी इसी तरह के तर्क दिए जाएंगे।उस समय हीटिंग उपकरणों, गर्म कपड़ों और विशेष खाद्य व पेय पदार्थों के अधिक बाजार होंगे।

क्या यह एक चक्र नहीं है? और क्या हम इसमें फंस नहीं गए हैं? यह सब ऊर्जा उपयोग में भारी वृद्धि का कारण बनेगा जिनमें से अधिकांश जीवाश्म ईंधन आधारित है। कार्बन और अन्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वृद्धि होगी। यह कम कार्बन वाली वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने के लिए प्रौद्योगिकी और मशीनों में अधिक सार्वजनिक और निजी निवेश को आकर्षित करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व सुपर ऑटोमेशन कम लागत और प्रतिस्पर्धी होने के लिए काम पर कम लोगों को सहन करेंगे। बेरोजगारों के कल्याण के लिए राज्यों को कल्याणकारी कार्यक्रम और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाली खैराती योजनाएं लागू करनी होंगी।

खतरनाक रूप से उच्च वायु प्रदूषण के स्तर में वाले शहरों की सूची में अधिक कस्बों और शहरों को जोड़ा जाएगा। प्रदूषण घटाने के प्रयास वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन को और बढ़ाएंगे जो सकल घरेलू उत्पाद में जोड़ देंगे। अधिक संपन्नता के कारण सड़कों पर जीवाश्म ईंधन से चलने वाले मोटर चालित वाहनों की मांग बढ़ेगी। गतिहीन जीवन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय और कार्डियो-श्वसन समस्याओं जैसी जीवनशैली की बीमारियों को जन्म देगा।

सामान्य और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के साथ-साथ अधिक पेशेवर व्यायामशालाएं तथा अधिक प्रशिक्षक सामने आएंगे। मोटी फीस लेने वाले विश्वविद्यालयों में इन समस्याओं से निपटने के लिए अधिक तकनीकी और विशेष शैक्षिक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। ऐसा मालूम होता है या इससे यह संदेश मिल रहा है कि निरंतर जलवायु परिवर्तन में ही जीडीपी वृद्धि की संभावना निहित है।

चेतावनी जारी करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) मौजूद नहीं होगा। संयुक्त राष्ट्र (यूएनओ) भी गायब हो जाएगा और इसलिए अन्य समझौते भी समाप्त हो जाएंगे। प्रत्येक देश जीडीपी और इसके निरंतर विकास को अधिकतम करने के लिए स्वतंत्र और स्वायत्त होगा। यूएनओ के बिना 2030 तक वैश्विक स्तर पर गरीबी और भुखमरी को खत्म करना, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार करना और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए निर्धारित 17 लक्ष्यों का सतत विकास लक्ष्य समूह (एसडीजी) बेअसर हो जाएगा।

## महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 17 मार्च।** रानियां थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुरिया नियामत खां से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।
पुलिस को दी शिकायत में महिला के पति ने बताया कि बीती 8 मार्च की सुबह उसकी पत्नी किसी काम से गई थी, लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटी। अपने स्तर पर आस पड़ोस व रिश्तेदारी में पत्नी की काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## सोलर का स्टार्टर चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 17 मार्च।** गांव निर्बाण में चोर एक किसान के खेत से सोलर का स्टार्टर चोरी करके ले गए।
पुलिस को दी शिकायत में शैलेंद्र कुमार ने बताया कि उसने खेतों में सिंचाई के लिए सोलर सिस्टम लगाया हुआ है। उसने बताया कि बीती 15 मार्च की शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात को चोरों ने खेतों में घुसकर सोलर का स्टार्टर चोरी कर लिया। सुबह जब वह खेतों में पहुंचा तो उसे घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के किसानों से काफी पूछताछ की लेकिन स्टार्टर का कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## प्रस्तावित कलेक्टर रेट पर 24 तक दर्ज करवा सकेंगे आपत्ति

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 17 मार्च।** जिला सिरसा की सभी तहसीलों व उप तहसीलों के वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित कलेक्टर रेट जिला प्रशासन की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटसिरसाडॉटजीओवीडॉटइन पर अपलोड कर दिए गए हैं।
प्रस्तावित कलेक्टर रेट के संबंध में यदि किसी नागरिक को कोई आपत्ति है तो वह 24 मार्च तक सम्बंधित तहसीलदार या एसडीएम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। निर्धारित समय के बाद आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा और कमेटी द्वारा वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित कलेक्टर रेट नियमानुसार लागू कर दिए जाएंगे।

## युवक 6 किलो चूरापोस्त सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 17 मार्च।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव सुबाखेड़ा क्षेत्र से एक युवक को हजारों रुपए की 6 किलो 190 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है।
सीआईए प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान गांव सुबा खेड़ा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को एक युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडकर भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से 6 किलो 190 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान रेशम सिंह उर्फ बब्बू पुत्र बलविंद्र सिंह निवासी सुबा खेड़ा जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना बड़ागुढा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।


## सीवर ओवरफ्लो से परेशान गलीवासियों ने किया प्रदर्शन



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 17 मार्च।** शहर के मेला ग्राऊंड की गली नंबर 3-4 में पिछले कुछ दिनों से सीवर ओवरफ्लो की समस्या ने गली निवासियों को खासा परेशानी में डाला हुआ है।
मोहल्ला निवासी अनिल चंदेल, राकेश कुमार, चरणजीत सिंह, रोहताश, बजरंग लाल, भूरा लाल, प्रभु राम, राकेश जांगड़ा, पवन, रंजीत कुमार, बलविंद्र सिंह, रामप्रताप, गोपाल, प्रिंस, विवेक, करतार सिंह, बजरंग दास सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा है, जिसके कारण सीवरेज का पानी गलियों में भरा हुआ है। गलियों में पानी भरने के कारण लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतें पेश आ रही है। उन्होंने बताया कि समस्या को लेकर पब्लिक हैल्थ विभाग के अधिकारियों को बार-बार अवगत करवाया, लेकिन वे संसाधन का अभाव बताकर अपना पल्ला झाड़ते रहे। उन्होंने बताया कि अधिकारियों का कहना है कि उनके पास सीवरेज सफाई के लिए एक ही मशीन है, जबकि आबादी के हिसाब से कम से कम 4 मशीनें होनी चाहिए। मोहल्लावासियों का कहना है कि अधिकारियों ने तो संसाधन न होने का रोना रोकर अपना पल्ला झाड़ लिया, लेकिन वे कहां जाएं। खासकर बच्चों के लिए समस्या और भी गंभीर हो गई है। क्योंकि गली में पानी भरा होने के कारण पैदल निकलना भी मुश्किल है। ऐसे में अगर कोई हादसा होता है तो उसके लिए जिम्मेवार कौन होगा उन्होंने विभाग के अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उन्हें मजबूरन आंदोलन की राह पकडी पड़ेगी।

## भाजपा ने पूर्व महामंत्री तजिंद्र सिंह गोल्डी को बनाया जिलाध्यक्ष

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 17 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बनवारी लाल ने प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा की उपस्थिति में जिले के नए भाजपा जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की। पूर्व मंत्री बनवारी लाल ने घोषणा करते हुए बताया कि पार्टी की नीतियों और संगठनात्मक उद्देश्यों के मद्देनजर तजिन्द्र सिंह गोल्डी को कुरुक्षेत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने तजिन्द्र सिंह गोल्डी को अपनी शुभकामनाएं दीं और पार्टी कार्यकताओं से अपील की कि वे गोल्डी के नेतृत्व में काम करें और आगामी चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक सफलता दिलवाने के लिए एकजुट होकर प्रयास करें। सुधा ने कहा कि गोल्डी की संगठनात्मक क्षमता और कार्यकताओं से जुड़ाव उन्हें पार्टी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता प्रदान करेगा। इस मौके पर बनवारी लाल ने पार्टी के उद्देश्यों और आगामी चुनौतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य जनता के कल्याण के लिए कार्य करना है, और पार्टी का प्रत्येक सदस्य इसी उद्देश्य को लेकर काम करता है। बनवारी लाल ने बताया कि आने वाले समय में पार्टी को कई महत्वपूर्ण चुनावों का सामना करना है, जिसमें कुरुक्षेत्र जिले का नेतृत्व और संगठनात्मक मजबूती विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे अपनी मेहनत और समर्पण से पार्टी की नीतियों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने हमेशा विकास, सुरक्षा, और जनता के कल्याण को प्राथमिकता दी है, और आने वाले समय में भी पार्टी इसी मार्ग पर चलकर जनता के विश्वास को और मजबूत करेगी।

# यतिंद्र सिंह एडवोकेट को दूसरी बार बने भाजपा जिलाध्यक्ष

## नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 17 मार्च।** प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, हरियाणा व सदस्य जिला कष्ट निवारण समिति सिरसा यतिंद्र सिंह एडवोकेट को पार्टी हाईकमान ने उनके अनुभव व पार्टी के प्रति समर्पित भाव से की गई सेवाओं को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है।
भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के उपलक्ष्य में सोमवार को भाजपा कार्यालय में उनका अभिनंद समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शीशपाल कंबोज सहित तमाम नेताओं व कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि पार्टी की ओर से जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी तरह निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास दिखाया है, उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास रहेगा। इससे पूर्व भी पार्टी ने जो जिम्मेदारियां दी है, उन्हें बखूबी तन-मन-धन से निभाया है। नगर परिषद चुनावों में जिस प्रकार सभी ने मिलकर लड़ाई लड़ी और शहरी सरकार भी भाजपा की बनाने में सफल रहे और 1996 के बाद दोबारा से कमल खिला है। उन्होंने पार्टी नेताओं व कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर पार्टी की मजबूती के लिए काम करें। पूर्व जिलाध्यक्ष शीशपाल कंबोज ने कहा कि पार्टी हाईकमान की ओर से जो फैसला लिया गया है, वे पार्टी



हित में है और सभी मिलकर पार्टी की मजबूती के लिए मिलकर काम करेंगे। बता दें कि यतिंद्र सिंह एडवोकेट इससे पूर्व वे जिलाध्यक्ष भाजपा सिरसा, सदस्य यात्री सेवा समिति, रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय भारत सरकार, रानियां विधानसभा चुनाव प्रभारी, जिला महामंत्री, भाजपा सिरसा, विशिष्ठ नागरिक, सीएम विंडो, सिरसा विधानसभा, जिला प्रमुख भाजपा सदस्यता अभियान, जिला संयोजक, मुद्रा बैंकिंग योजना, संयोजक, निगरानी समिति सिरसा विधानसभा, सह संयोजक लोकसभा चुनाव-2019 के दौरान, नरेंद्र मोदी की सिरसा-हिसार लोकसभा विजय संकल्प रैली फतेहाबाद का दायित्व निभा चुके हैं। इस मौके पर जगदीश चोपड़ा, विजयपाल एडवोकेट, वेद फुलां जिला प्रभारी सिरसा, गोबिंद कांडा, पूर्व विधायक मक्खन लाल सिंगला, श्याम बजाज, प्रदीप रातुसरिया, रोहताश जांगड़ा, अमन चोपड़ा, मनीष सिंगला, वीर शांति स्वरूव नगर परिषद चेयरमैन, पूर्व जिलाध्यक्ष अमीर चंद मेहता, डॉ. गंगासागर केहरवाला, रतनलाल बामनियां सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**यतिंद्र सिंह के दोबारा जिलाध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं ने मनाया जश्न:**
यतिंद्र सिंह को जिला का दोबारा अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकताओं ने जमकर जश्न मनाया। कार्यकताओं ने उनके सम्मान में ढोल नगाड़े बजाकर जमकर आतिशबाजी कर खुशी मनाई गई। सोमवार को भाजपा ने सिरसा और डबवाली में भाजपा ने नए जिलाध्यक्षों की घोषणा की है। सिरसा में एडवोकेट यतिंद्र सिंह और डबवाली में रेणु शर्मा को पार्टी ने कमान सौंपी है।
सिरसा में 38 और डबवाली में 9 लोगों ने जिलाध्यक्ष बनने के लिए आवेदन किया था। डबवाली की जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा इससे पहले हरियाणा सरकार में हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन भी रह चुकी हैं। उन्हें साल 2016 में चेयरपर्सन बनाया गया था। रेणु शर्मा साल 2009 में डबवाली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट पर चुनाव भी लड़ चुकी हैं।

# एक लाख 13 हजार 204 लाभार्थियों का हुआ पंजीकरण शेड्यूल के अनुरूप चिन्हित गांवों में राशन डिपो पर शिविरों में हो रहा पंजीकरण कार्य

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 17 मार्च।** एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल की अध्यक्षता में स्थानीय पंचायत भवन में हर घर-हर गृहिणी योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी श्री नागपाल ने खाद्य आपूर्ति विभाग, क्रीड विभाग, पंचायत विभाग, एलडीएम भिवानी व सीएससी प्रबंधक और सभी गैंस एजेसियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना से जोड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि वे अधिक से अधिक जागरूकता शिविर लगाकर इस योजना का प्रचार-प्रसार करें और लोगों को लाभ देना सुनिश्चित करें। एडीसी मुनीष नागपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की



स्पष्ट सोच है कि हर पात्र लाभार्थी तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे और आमजन का जीवन सरल व सुविधाजनक हो। उन्होंने बताया कि सरकार की सोच के अनुरूप हर घर - हर गृहिणी योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से योजना के लाभार्थियों के पंजीकरण को लेकर जिलेभर में विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। जिलेभर में अभी तक एक लाख 13 हजार 204 पात्र परिवारों का पंजीकरण हो चुका है। बाकी पात्र परिवारों को भी पंजीकरण के लिए जागरूक किया जा रहा है। एडीसी ने कहा कि सरकार की जन हितैषी नीति को धरातल पर साकार करने के लिए जिले में मिशन मोड में कार्य चल रहा है। इसी कारण आज जिला प्रदेश में पंजीकरण में दूसरे नंबर पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है तय समय से पहले शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को पंजीकरण कार्य पूरा हो। विभागीय अधिकारी स्वयं फील्ड में आयोजित हो रहे रजिस्ट्रेशन कैंपों का निरीक्षण कर रहे हैं।

**- नागरिक स्वयं भी कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन**
एडीसी ने बताया कि योजना के तहत पात्र परिवार (बीपीएल और ए ए वाई परिवार) 500 रुपये प्रति एक वर्ष में 12 एलपीजी गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। पात्र परिवार को 500 रुपये से अतिरिक्त राशि सब्सिडी के रूप में बैंक खाते में प्राप्त होगी। योजना का लाभ लेना बिल्कुल सरल है, पात्र परिवार स्वयं भी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए केवल गैस कनेक्शन की कॉपी, परिवार पहचान पत्र व मोबाइल नंबर की जरूरत है।

# विरेंद्र कौशिक बने भाजपा के नए भिवानी जिला अध्यक्ष

## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के सम्मान में भाजपा कार्यालय में समारोह हुआ आयोजित

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 17 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर के 22 जिलों में 27 नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की है। इन नियुक्तियों को लेकर रविवार को प्रत्येक जिले में नोमिनेशन फॉर्म भरे गए थे तथा सोमवार को जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई। इसी कड़ी में भिवानी से विरेंद्र कौशिक को भाजपा का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कौशिक की नियुक्ति पर सोमवार को स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कार्यकताओं ने उन्हे फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा बधाई दी तथा चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री संजय सिंह व पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने फूल-मालाएं पहनाकर व मिठाई खिलाकर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को कुर्सी पर बैठाकर पदभार संभलवाया। इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री संजय सिंह भी पहुंचे, जिन्होंने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र सौंपा। इसके उपरांत उन्होंने पत्रकार वार्ता को भी संबोधित किया।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री संजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जिसमें कार्यकताओं की मेहनत एवं पार्टी निष्ठा को देखते हुए उन्हे आगे बढ़ाया जाता है तथा जो जिम्मेवारियां कार्यकताओं को दी जाती है, कार्यकर्ता भी उसे निभाने का कार्य करते है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली पार्टी है, जिसमे बिना किसी भेदभाव व बिना किसी विवाद के पार्टी व देश हित में फैसले लिए जाते है तथा अपने उसी मूल उद्देश्य पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी ने लोकतांत्रितक तरीके से प्रदेश भर में जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, तभी से केंद्र व प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी फैसले ले रही है, जिसके चलते प्रदेश से भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से लगाम लगी है।
उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री बनते ही अपने वायदे अनुसार 24 हजार युवाओं को नौकरी बिना पर्ची-बिना खर्ची पर देकर भ्रष्टाचार विरोधी होने का सबसे बड़ा उदाहरण पेश किया है। जिसके चलते होनहार बच्चें रोजगार की राह पर अग्रसर होकर प्रदेश व देश की तरक्की में अपना योगदान दहे रहे है।
चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री संजय सिंह ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक संगठनात्मक मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे तथा जमीनी कार्यकताओं की आवाज बनकर कार्य करेंगे। वही पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए पूर्व मंत्री संजय सिंह ने कहा कि मंत्री अरविंद शर्मा व विधायक रामकुमार गौतम की कहासुनी पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में पूर्व मंत्री संजय सिंह ने कहा कि विधानसभा कार्रवाई में ऐसा नहीं बोलना चाहिए। हालांकि उन्होंने कहा कि यह आपसी बोलचाल थी, जिसका दोनों ही नेताओं ने बुरा नहीं माना।
इस मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि पार्टी ने उन्हे जो इतनी बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। विरेंद्र कौशिक ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया, संगठन मंत्री फणिनंद्रनाथ शर्मा, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व मंत्री संजय सिंह, विधायक कपूर वाल्मीकि, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, विधायक घनश्याम सर्राफ, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, अर्चना गुप्ता व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे सभी कार्यकताओं को साथ लेकर चलेंगे तथा पार्टी के आदेशानुसार संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूती देने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उनसे पहले के जिला अध्यक्षों ने पार्टी हित में सराहनीय कार्य किया है तथा वे उसी राह पर चलते हुए पार्टी ग्राफ को बढ़ाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा बूथ लेवल से राष्ट्रीय स्तर पर एक योजना के तहत कार्य करती है, जिसके चलते भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है।

# मुख्यमंत्री ने सिंचाई मंत्री बहन श्रुति चौधरी के आग्रह पर भिवानी के लिए विभिन्न गांवों की 17 परियोजनाओं के लिए लगभग 52 करोड़ की राशि की मंजूर

## कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी का जताया आभार

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 17 मार्च।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री बहन श्रुति चौधरी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 56वीं बैठक में विशेषतौर सम्मिलित हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंचाई मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी के आग्रह पर भिवानी के लिए विभिन्न गांवों की 17 परियोजनाओं के लिए लगभग 52 करोड़ रुपये की राशि मंजूर करवाई है। कार्यकताओं ने इसके लिए कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी का



आभार जताया है। बैठक में बोर्ड में 55 वी बैठक तक पास की गई परियोजनाओं का अवलोकन किया गया और जो परियोजनाएं लंबित हैं या कार्य पूरा नहीं हुआ है उन कार्यों के विषय में सख्त निर्देश दिए गए। सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने भिवानी जिले के लिए विभिन्न गांवों की 17 परियोजनाओं के लिए करीब 52 करोड़ रुपये की राशि सीएम से मंजूर करवाई गई है। इन योजनाओं में धनाना, रामु पुरा बलियाली, घुसकानी, प्रेमनगर, दांगकला, दांगखुर्द, बापोड़ा, दिनोद, कैरु, लक्ष्मणपुरा, लेघा भानान, लाडियावाली, राजपूरा खरकड़ी, सूई, गुजरानी, मिताथल आदि गांवों में सिंचाई परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी। इन गांवों में जल भराव नियंत्रण की परियोजनाएं लागू की जाएंगी।
श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा की हरियाणा सरकार जल संरक्षण और आपदा प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए ठोस कदम उठा रही है। सिंचाई मंत्री ने इन परियोजनाओं को मई,2025 के अन्त तक पूर्ण करने के निर्देष दिए। एडवोकेट हरिसिंह सांगवान, शीशराम चैयरमैन, कृष्ण लेघा, पंचायत समिति तोशाम के वाइस चेयरमैन सुनील भारीवास, परमजीत मडडू, वजीर डाडम आदि ने कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी का परियोजनाएं मंजूर करवाए जाने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सांसद व पूर्व मंत्री किरण चौधरी व कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी जिला के विकास के लिए हमेशा तत्पर रही हैं। अब आने वाले समय में विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## पैसा क्रेडिट का मैसेज आते ही, हो जाओ सावधान! नहीं तो मिनटों में आपका बैंक अकाउंट हो जाएगा खाली: एसपी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 17 मार्च।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने आमजन को साइबर अपराधियों से सचेत रहने की सलाह देते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में साइबर अपराधी भी दिन प्रतिदिन नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे है। साइबर ठगों ने अब ठगी का एक नया तरीका अपनाया है, जिसे जंप डिपोजिट का नाम दिया गया है।
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करते समय यूपीआई एप का इस्तेमाल करने वाले लोगों को साइबर ठग अब इस तकनीक के जरिए चंद ही मिनटों में आपका अकाउंट खाली कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जंप स्कैम में साइबर ठग पहले आपके खाते में एक छोटी राशि जैसे 2000 रुपए ट्रांसफर करते हैं और यह राशि सच में आपके खाते में आती है तथा इस संबंध में आपको इसका टेक्स्ट मैसेज या नोटिफिकेशन भी प्राप्त होता है, लेकिन असल खेल नोटिफिकेशन के बाद शुरू होता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर अपराधियों ने तकनीकी रूप से ऑटोमैटिक अमाउंट निकालने का सिस्टम सेटअप तैयार किया होता है, जब आप बैलेंस चेक करने के लिए यूपीआई एप पर जाकर पिन डालते हैं, तो उसी समय आपके खाते से बड़ी राशि साइबर ठगों के खाते में ट्रांसफर हो जाती है और आपके खाते का बैलेंस शुन्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही आपके खाते में क्रेडिट आता है तुरंत बैलेंस चैक न करें, क्योंकि साइबर अपराधी आपके बैंक खाते पर घात लगाकर बैठे होते है, जैसे ही आप अपने बैंक अकाउंट में बैलेंस चैक करने के लिए फोन पर आए टेक्स्ट मैसेज या नोटिफिकेशन पर क्लिक करते है तो आप साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो सकते है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फोन पर आए किसी भी प्रकार के टेक्स्ट मैसेज, नोटिफिकेशन या अन्य लिंक पर 15 से 20 मिनट तक क्लिक न करें। उन्होंने कहा कि 15 से 20 मिनट के उपरांत आप अपना बैलेंस चैक करते है तो, अपनी यूपीआई में एक बार गलत पिन का इस्तेमाल करें क्योंकि ऐसा करने से आपके अकाउंट पर घात लगाकर बैठे साइबर अपराधियों का पूरा प्लान फेल हो जाएगा। युवा वर्ग इस स्कैम के सबसे ज्यादा शिकार हो रहे है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हो जाती है तो अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें अन्यथा राष्ट्रीय हेल्प लाइन नंबर 1930 पर पर कॉल करें, क्योंकि समय रहते आपकी राशि को ब्लॉक किया जा सकता है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील करते हुए कहा फोन पर आए टेक्स्ट मैसेज, वीडियो कॉल या किसी अन्य लिंक पर क्लिक न करें तथा किसी अनजान व्यक्ति को अपने मोबाइल फोन पर आए ओटीपी को सांझा न करें। सावधानी व सतर्कता ही साइबर अपराधियों के चंगुल से बचने का बेहतर उपाय है।

## नहरी पानी की सप्लाई सुचारू करवाने को लेकर किसानों ने दिया धरना



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 17 मार्च।** नहरी पानी की सुचारू सप्लाई को लेकर जिलेभर के किसानों ने हरियाणा किसान मंच के बैनर तले सिंचाई विभाग कार्यालय में सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक धरना दिया।
मंच के प्रदेशाध्यक्ष बाबा गुरदीप सिंह झिड़ी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल की अधिकारियों से बातचीत हुई, जिसमें विभाग के एसई के अनुपस्थित रहने के चलते किसानों को 26 मार्च तक का आश्वासन दिया गया है। वहीं किसानों ने भी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे फिर से सिंचाई विभाग कार्यालय में मोर्चा लगाएंगे। बाबा गुरदीप सिंह झिड़ी ने कहा कि सरकार की ओर से शैड्यूल के मुताबिक किसानों को नहरी पानी की सिंचाई नहीं दी जा रही। जिसके चलते जहां किसानों की बिजाई बाधित होगी, वहीं उत्पादन में भी कमी आएगी। उन्होंने बताया कि मई व जून में कॉटन की बिजाई होती है और गर्मी का मौसम होने के कारण इस वक्त पानी की अधिक आवश्यकता होती है। ऐसे में सिंचाई का पानी पर्याप्त नहीं मिलने से फसल अच्छी नहीं होगी और किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए ही हरियाणा किसान मंच लगातार संघर्ष कर रहा है। बाद दोपहर अधिकारियों ने किसानों को बातचीत के लिए बुलाया। विभाग के एसई के बाहर होने पर अधिकारियों ने किसानों को 26 मार्च तक का आश्वासन दिया, जिस पर किसान धरना उठाने को सहमत हो गए, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि अगर 26 तक समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मजबूरन उन्हें मोर्चा लगाना पड़ेगा। इस मौके पर नैब नंबरदार, सिकंदर भींवा, मंदर भीवां, सोहन सिंह एसडीओ, सुरजीत बेगू, मग्घर कुरंगावाली, जतिंद्र कुरंगावाली, जसपाल बप्पां, लीला मैंबर थिराज, धर्मपाल लाट, राजेंद्र बैनीवाल, मग्घर सिंह कमाल, कुलदीप सिंह सुखचैन, जसवंत सिंह सुखचैन उपस्थित थे।

# वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश आम बजट से कहीं खुशी, कहीं गम

## जन हितैषी होने का दिया सबूत : कंवलजीत कौर



जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि सरकार ने बजट में कौशल विकास एवं रोजगार को प्राथमिकता दी है। हर वर्ग के हितों का ख्याल रखा गया है। कोई भी नया कर न लगाकर और पुराने करों में बढ़ोतरी न कर जन हितैषी हाने का सबूत दिया है। मुख्यमंत्री ने बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा है। इसा बजट से प्रदेश विकास की ओर अग्रसर होगा। महिलाओं को लाडो योजना की सौगात मिलेगी। जिसके लिए करोड़ों रुपए की राशि का प्रावधान रखा गया है।

## विकास व रोजगार पर बल : अनिल वर्मा



भाजपा कला और संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने कहा कि बजट समाज के सभी वर्गो के विकास की सोच को दशार्ता है। मेक इन हरियाणा पर जोर दिया गया है। समाज के सभी वर्गो का विकास होगा और सामाजिक क्षेत्र पर बल दिया गया है। यह बजट सरकार की विकासोन्मुख सोच को दशार्ता है। बजट में ग्रामीण विकास का भी पूरा ख्याल रखा गया है। सीएम ने युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया है।

## बजट हर वर्ग के हित में : रेखा बाल्मीकि




भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेखा बाल्मीकि ने कहा कि भाजपा की सरकार हर वर्ग की सरकार है और हर वर्ग के हितों का विशेष ध्यान कर ही सरकार ने बजट पेश किया है। बजट में सबका साथ और सबका विकास पर बल दिया है। बजट पूरी तरह संतुलित है। खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी योजना बनाई गई है। किसान, कर्मचारी, महिलाओं व युवाओं पर विशेष फोकस किया गया है। स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाने की गारंटी सीएम ने बजट में दी है।

## बजट निराश करने वाला : जवाहर गोयल



आम आदमी पार्टी लीगल सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट जवाहर गोयल ने कहा कि बजट जनता को निराश करने वाला है। कई घोषणाएं जो पहले हो चुकी हैं उन्हें दुहराया गया है। जनता के लिए कुछ नया पेश नहीं किया। हर वर्ग मे मायूसी है। जनता ने बड़ी उम्मीदें लगाकर भाजपा की सरकार को बहुमत दिया था, लेकिन इस सरकार ने जनता को विश्वास तोड़ दिया है। जो वायदे सत्ता में आने से पहले किए गए थे, उनमें से एक भी पूरा नहीं किया है।

## भाजपा नहीं चाहती किसान हित : मुलख राज अरोड़ा



कांग्रेस नेता मुलख राज अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश की जनता ने बीजेपी को इसलिए बहुमत दिया था कि किसान वर्ग का उत्थान होगा, किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। बजट में दर्शा दिया गया है कि यह सरकार किसानों का हित नहीं चाहती और न ही किसानों के लिए इस सरकार के पास कोई योजना है। इसके बजट में जनता को कोई बड़ी विकास परियोजना भी समर्पित नहीं की।

## उम्मीदें हुई तार-तार : रीना वाल्मीकि



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय संयोजक रीना वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा की सरकार से जनता को ढेरों उम्मीदें थी। बजट में जनता को कुछ नया नहीं दिया गया है। गरीब, किसान व मजदूर के हित में कोई नई योजना को धरातल नहीं दिया गया। किसानों के हितों का तनिक भी ख्याल नहीं रखा गया और व्यापारियों को भी कोई विशेष नहीं दिया। बजट पूरी तरह निराश करने वाला है। बजट जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।

## पूंजीपतियों का बन कर रह गया आम बजट : कांता आलड़िया



मिशन एकता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा कांता आलड़िया ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया आम बजट पूरी तरह से फ्लाप साबित हुआ है। इसमें सभी वर्ग के लोगों की अनदेखी की गई है। यह पूरी तरह से पूंजीपतियों का बजट बन कर रह गया है। आम बजट से लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहें हैं। इससे आम नागरिकों को कोई लाभ नहीं मिला सका है। कुल मिलाकर आम बजट लोकलुभावन साबित हुआ है।

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 17 मार्च।** वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सोमवार को पेश किए आम बजट को सत्ता पक्ष ने सराहनीय बताया है, जबकि विपक्ष ने इस बजट को नकारा है। इस बजट को सत्ता पक्ष के लोगों ने हर वर्ग के लिए फायदेमंद बताया है। कहा कि किसान, व्यापारी, कर्मचारी सहित आम वर्ग के लोगों को इस बजट से फायदा मिलेगा। किसानों के लिए भी कई अहम घोषणाएं बजट में की गई हैं। वहीं विपक्ष ने इस बजट को नकार दिया है। कहा कि बजट में बेरोजगारी व महंगाई को कम करने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। व्यापारियों व किसानों के लिए भी बजट में कोई घोषणा नहीं की गई। हर वर्ग के लोगों को बजट से जो उम्मीद थी, वह पूरी नहीं हो पाई है। आज महंगाई लगातार बढ़ रही है, खाद्य पदार्थो के भाव बढ़ रहे हैं, इससे आम आदमी को रोजी-रोटी का जुगाड़ करना मुश्किल हो गया है। बजट को लेकर पक्ष-विपक्ष के लोगों से बात की गई तो, उन्होंने इस तरह से अपनी प्रतिक्रिया दी।

## मुख्यमंत्री ने बजट में रखा हर वर्ग का ख्याल : रामकुमार रंबा



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को प्रदेश के लिए दो लाख पांच हजार 17 करोड़ का बजट पेश किया। हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा है। इसा बजट से प्रदेश विकास की ओर अग्रसर होगा। महिलाओं को लाडो योजना की सौगात मिलेगी। जिसके लिए करोड़ों रुपए की राशि का प्रावधान रखा गया है। सीएम ने युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया है। यहीं नहीं खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी योजना बनाई गई है। किसान, कर्मचारी, महिलाओं व युवाओं पर विशेष फोकस किया गया है। स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाने की गारंटी सीएम ने बजट में दी है। रामकुमार रंबा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार के शासन में चहुंमुखी विकास हुआ है। विकास के दम पर ही हरियाणा में भाजपा की सरकार तीसरी बार बनी है। प्रदेश का कोई भी कोना विकास से अछूता नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा की जनता का यह सौभाग्य है कि उन्हें नायब सिंह सैनी जैसे मुख्यमंत्री मिले हैं।

# नायब के बजट को बताया नायाब बजट

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 17 मार्च।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को अपनी सरकार का पहला बजट 2025-26 विधानसभा में पेश किया। बजट में सिरसा जिला के किन्नू उत्पादक किसानों के लिए हरियाणा एग्रो इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन व हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ की ओर से संयुक्त रूप से जूस प्रसंस्करण संयंत्र यानी जूस प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने की घोषणा की गई है। ताकि यहां जूस की पैकेजिंग भी हो सकें और जिससे किसानों को फायदा हो सकें। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने डबवाली सिरसा नेशनल हाइवे-9 पर गांव पन्नीवाला मोटा स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज को हरियाणा प्रौद्योगिकी इंस्टीट्यूट के रूप में अपग्रेड करने की भी घोषणा की है। सिरसा जिले में करीब 15 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में किन्नू के बाग लगाए हुए हैं। सिरसा का किन्नू देश के अलावा विदेशों में भी निर्यात होता है। डबवाली क्षेत्र में इसका खूब उत्पादन होता है। डबवाली उपमंडल के गांव मांगेआना में इंडो इजरायल प्रॉजेक्ट के तहत फल उत्कृष्टता केंद्र बनाया हुआ है। मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट को सत्तापक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने इसे जुमला बताया। वहीं जब शहर वासियों से प्रतिक्रिया ली गई तो उनकी प्रतिक्रिया कुछ इस प्रकार थी।

सभी वर्गों के लिए समावेशी बजटः वार्ड नंबर 7 की भाजपा पार्षद सुमन शर्मा ने राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में आगामी 2025-26 के लिए प्रस्तुत किए गए बजट को सभी वर्गों के लिए समावेशी व प्रदेश को तरक्की की दिशा में ले जाने वाला बताया है। पार्षद शर्मा ने कहा कि सीएम हरियाणा ने सिरसा जिले के लिए कीन्नू, डबवाली में संस्कृति मॉडल स्कूल की स्थापना व पन्नीवाला मोटा इंजीनियरिंग कॉलेज को अपडेट करने जैसी घोषणाएं निश्चित तौर पर प्रत्येक सिरसावासी को गौरवान्वित करती है।



प्रदेश के विकासोन्मुख भविष्य का है बजटः
वार्ड 12 के पार्षद दीपक बंसल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत किए गए बजट को विकासोन्मुखी बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जहां हरियाणा के मूल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए अनेक लाभकारी योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया है। वहीं पहले से हरियाणा में चली आ रही जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं में भी तीव्रता लाने का संकेत देकर यह सिद्ध किया है कि प्रदेश की भाजपा सरकार सबका



साथ सबका विकास के मुद्दे को सही तरीके से सार्थक कर रही है। सिरसा जिले को दी बागवानी में विकासपरक योजनाओं की सौगात निश्चित ही भाजपा सरकार की कथनी और करनी को समतुल्य बनाती है जिसमें सभी वर्गों के समान विकास की अवधारणाओं को शीर्ष पर रखा गया है।

**सभी वर्गों के लिए समावेशी बजटः सर्राफ**

वार्ड नंबर 17 की भाजपा पार्षद मोनिका सर्राफ ने राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में आगामी 2025-26 के लिए प्रस्तुत किए गए बजट को सभी वर्गों के लिए समावेशी व प्रदेश को तरक्की की दिशा में ले जाने वाला बताया है। पार्षद मोनिका सर्राफ कहती हैं कि यूं तो सीएम हरियाणा ने प्रदेश के लगभग सभी जिलों के लिए किसी न किसी रूप में नवीनतम योजनाओं का जिक्र कर उन्हें शीघ्र अमलीजामा पहनाने का वायदा किया है, मगर सिरसा जिले के लिए कीन्नू, झींगा मछली पालन, डबवाली में संस्कृति मॉडल स्कूल की स्थापना व पन्नीवाला मोटा इंजीनियरिंग कॉलेज को अपडेट करने जैसी घोषणाएं निश्चित तौर पर प्रत्येक सिरसावासी को गौरवान्वित करती है।

**प्रदेश के विकासोन्मुख भविष्य का है बजटः गुर्जर**

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भोजराज गुर्जर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत किए गए बजट को विकासोन्मुखी बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जहां हरियाणा के मूल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए अनेक लाभकारी योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया है वहीं पहले से हरियाणा में चली आ रही जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं में भी तीव्रता लाने का संकेत देकर यह सिद्ध किया है कि प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के मुद्दे को सही तरीके से सार्थक कर रही है। प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा के बुनियादी ढांचे को पहले से अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त खिलाडिों द्वारा स्कूलों, महाविद्यालयों के खिलाडिों को प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रोत्साहित करने, मवेशी पालकों को भी प्रोत्साहन देती योजनाएं, सिरसा जिले को दी बागवानी में विकासपरक योजनाओं की सौगात निश्चित ही भाजपा सरकार की कथनी और करनी को समतुल्य बनाती है जिसमें सभी वर्गों के समान विकास की अवधारणाओं को शीर्ष पर रखा गया है।

## दुनिया की सबसे ऊंची और ऐशिया की एकमात्र स्नो रन - स्नो मैराथन लाहौल 23 मार्च को सिस्सू में होगी आयोजित



**हरियाणा वाटिका/प्रवीण कुमार**
**चंडीगढ़, 17 मार्च।** दुनिया की सबसे ऊंची और ऐशिया की एकमात्र स्नो मैराथन लाहौल का चैथा संस्करण 23 मार्च 2025 को हिमाचल प्रदेश के लाहौल जिले के अटल टनल के नार्थ पोर्टल पर स्थित सिस्सू में आयोजित किया जायेगा। लगभग 11 हजार फीट की ऊंचाई पर आयोजित होने वाला यह अनूठा आयोजन लंबी दूरी के रनर्स और अल्ट्रा रनर्स को चुनौती देता रहा है।

इस वर्ष मैराथन में देश भर से 300 से भी अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जो कि चार श्रेणियों - 42 किलोमीटर (फुल मैराथन), 21 किलोमीटर (हाफ मैराथन), दस किलोमीटर और पांच किलोमीटर में एक दूसरे को टक्कर देंगें। यह आयोजन टॉप एंड्योरेंस एथलीट्स और एडवेंचर प्रेमियों को आकर्षित कर हाई एल्टीट्यूट स्नो मैराथन में भारत को ग्लोबल पहचान प्रदान करवाता है।

स्नो मैराथन के पिछले एडीशंस में इंडियन आर्मी और इंडियन नेवी की व्यापक भागीदारी देखने को मिलती रही है। इस वर्ष इंडियन ऐयर फोर्स की साहसिक टीम इस चुनौती को स्वीकार कर रही है। इंडियन आर्मी लद्दाख स्काउट्स, डोगरा और कुमाऊं रेजीमेंट के एथलीटों सहित 25 टॉप रनर्स को स्नो मैराथन में भाग लेने के लिए भेज रही है। इसके अतिरिक्त आईटीबीपी और एसएसबी जैसे पैरा मिलिट्री फोर्स अपने रनर्स और आउटडोर एथलीटों के साथ अन्य को कंपीटिशन देंगीं।

इस आयोजन को लाहौल और स्पीति जिला प्रशासन और हिमाचल प्रदेश द्वारा समर्थन प्राप्त है। मैराथन को रेड बुल, टाईगर बाम (पेन रिलीफ पार्टनर), कैंपस शूज, बिसलेरी (हाईड्रेशन) पार्टनर, बान, फास्ट एंड अप (न्यूट्रिशन पार्टनर) और फोर्टिस होस्पिटल मोहाली (मेडिकल पार्टनर) सहित अन्य स्टेकहोल्डर्स द्वारा समर्थित है। रेड एफएम मैराथन का आधिकारिक रेडियो पार्टनर है।

आर्मी एवियेटर और स्नो मैराथन के इंवेंट चीफ कर्नल अरुण नटराजन ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुये कहा कि इस आयोजन के पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंनें इस बात पर बल दिया कि लाहौल का विंटर वंडरलेंड रनर्स और एडवेंचर प्रेमियों के लिये एक रोमांचक अनुभव प्रदान करता है। हालांकि पिघलते ग्लेशियर और घटती बर्फबारी तत्काल चिंता का विषय है। उन्होंनें उम्मीद जताई कि यह आयोजन नाजुक पर्यावरण की रक्षा के लिये तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता के विषय में जागरुकता बढ़ायेगा।

## किसानों को फसलों में कीट नियंत्रण के उपायों के बारे दी जानकारी



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 17 मार्च।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र ने जिले के गांव प्रतापगढ़ की सैनी धर्मशाला में फसल अवशेष प्रबंधन विषयक कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज और विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ बलवान सिंह मंडल के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र द्वारा किया गया। डॉ बलजीत सहारण ने बताया कि जिले के विभिन्न गांवों में हर साल किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, ताकि उन्हें फसल अवशेष में आग लगाने से रोका जा सके और अवशेषों का उचित तरीके से खेत में ही प्रबंधन किया जा सके। कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ सरिता रानी ने प्रशिक्षण के लिए पाठ्यक्रम समन्वयक के रूप में मुख्य भूमिका अदा की। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान तथा अवशेष का उचित प्रबंधन करने से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। केंद्र के पूर्व समन्वयक डॉ प्रद्युमन भटनागर ने किसानों को फसलों में कीट नियंत्रण के उपायों के बारे में जानकारी दी। केंद्र से ही रिटायर्ड डॉक्टर जे एन भाटिया ने भी किसानों को फसल अवशेष खेत में मिलाने की तकनीकों के बारे में बताया। केंद्र के अन्य वैज्ञानिकों डॉ फतेह सिंह (पौध रोग विज्ञान) तथा डॉ ममता (मौसम विज्ञान) ने भी अपने अपने विषयों से संबंधित तथ्यों पर जानकारी सांझा की। कृषि विभाग पिहोवा के कृषि विकास अधिकारी डॉ संदीप ने सरकार द्वारा सीआरएम स्कीम के अन्तर्गत मशीनों तथा पंजीकरण संबंधित बातों के बारे में किसानों को बताया। डॉ प्रवीन कुमार (पशु चिकित्सक) ने किसानों को फसल अवशेषों को पशु चारे के लिए इस्तेमाल करने तथा साइलेज बनाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में साइबर सुरक्षा पर 100 घंटे का प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**यमुनानगर, 17 मार्च।** गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, संतुपुरा, यमुनानगर के कंप्यूटर विज्ञान और भौतिक विज्ञान विभाग ने आईसीटी अकादमी (भारत सरकार द्वारा अनुमोदित संस्थान) के साथ मिलकर हनीवेल इंटरनेशनल इंक की सीएसआर पहल के तहत साइबर सुरक्षा पर 100 घंटे का प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम आयोजित किया है। यह पाठ्यक्रम 17 फरवरी से 6 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया था, जो निदेशक डॉ. वरिंदर गांधी और प्रिंसिपल प्रोफेसर नरिंदरपाल कौर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नई कौशल सिखाना और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना था।

# प्रदेश के सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी साबित होगा 'नायब' बजट: जगमोहन आनंद

## विकसित भारत-विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में अग्रसर करने वाला बजट

**हरियाणा वाटिका/ प्रवीण वालिया**
**करनाल, 17 मार्च।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को बतौर वित्त मंत्री हरियाणा विधानसभा में पहला बजट प्रस्तुत किया। विधायक जगमोहन आनंद ने प्रदेश के बजट का स्वागत किया और भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह बजट जनता के हित में लाभकारी और हर वर्ग के लिए हितैषी साबित होगा। इतना ही नहीं यह एक लोक कल्याणकारी और विकसित भारत-विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में अग्रसर करने वाला बजट है।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रदेश के विकास और तरक्की के लिए प्रस्तुत किए गए बजट में करनाल जिला को भी बहुत सौगात मिली है। इनमें करनाल में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बस अड्डा बनाया जाएगा, जिससे यात्रियों को और सुविधा मिलेगी तथा परिवहन व यातायात और सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं का भी बजट में पूरा ध्यान रखा है ताकि गरीब व्यक्ति को बेहतरीन तरीके से सरकारी अस्पतालों में इलाज की सुविधाएं मिल सकें। इतना ही नहीं, दुर्घटनाओं के दौरान तथा ट्रॉमा में होने वाले इलाज की सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए जिला अस्पतालों में एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एवं अन्य संरचनात्मक सुधारों के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2025-26 में 201.59 करोड़ रुपये के निवेश को स्वीकृति दी है। अस्पताल एवं डिस्पेंसरी बनाने के लिए एचएसआईआईडीसी द्वारा करनाल में ईएसआईसी नई दिल्ली को रियायती दरों पर भूमि दी जाएगी।

हर जिला अस्पताल व हर सरकारी मेडिकल कॉलेज में 50 बैड का एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाया जाएगा और ब्लड बैंक की सुविधा का आधुनिकीकरण भी किया जाएगा। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा के भविष्य को सक्षम बनाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नाम से नया विभाग बनाया जाएगा तथा डंकी रूट की समस्या के निवारण के लिए इसी सत्र में एक बिल लाया जाएगा। हरियाणा प्रदेश में पिछले 10 सालों में प्रदेश सरकार ने ई-गवर्नेंस पर काफी बल दिया है जिसके तहत ई-गवर्नेंस के तहत जनता की सुविधा के लिए कई विभागीय पोर्टल लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने हरियाणा ओवरसीज एम्प्लॉयमेंट सेल और हरियाणा कौशल एवं रोजगार निगम के माध्यम से युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय रोजगार दिलाने के लिए प्रयास करने की घोषणा का भी स्वागत किया है और कहा कि युवाओं के लिए यह प्रयास सौगात लेकर आएंगे। स्टार्टअप में निवेश को बढ़ाने के लिए सरकार निजी निवेशकों को 2000 करोड़ रुपये का एक फंड ऑफ फंड्स बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी तथा युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए संकल्प प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीएसडीपी को एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंचाने और हरियाणा में 50 लाख नए रोजगार पैदा करने के लिए मिशन हरियाणा 2047 की शुरूआत की जाएगी।

## नशे के विरुद्ध अभियान में बकेट चैलेंज से जोड़ रहा है एनसीबी हरियाणा

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**मधुबन/करनाल, 17मार्च।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे, के दिशानिर्देशों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुँच रहा है। युवा, खिलाड़ी, समाज के प्रतिष्ठित लोग और सामान्य जन इस आंदोलन में सहभागिता कर अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रहे है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा गाँव गाँव और शहर शहर में नशे के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन छेड़ा गया है। इस कड़ी में आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा बकेट चैलेंज के साथ डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन को जोड़ा गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्य्रकम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यालय के प्राचार्य मंतोषपाल सिंह से सम्पर्क साधा और उन्हें बकेट चैलेंज से जोड़ा गया। प्राचार्य मंतोषपाल सिंह ने इस अभियान से जुड़ते हुए विद्यालय के अन्य शिक्षकों को जोड़ते हुए कहा कि वे इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने में ब्यूरो का सहयोग करेंगे और साथ ही विद्यालय को पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनायेगे। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षकों ने इसमें भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि आज न केवल युग अपितु बच्चा भी नशे की और आकर्षित होकर अपने भविष्य को अन्धकार की और ले जा रहा है, यह चिंता का विषय हे। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया की हमारे हरियाणा प्रदेश के युवा खेलों में पूरे विश्व में अपना लोहा मनवा चुके हैं। प्रत्येक बच्चों को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को दीमक की तरह अंदर से खोखला कर देता है इसलिए हम सब मिलकर नशे को भगायेंगे देश को बचाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा एनसीबी का टोल फ्री नंबर 9058091580, 1933 और मानस पोर्टल पे भी नशे का कारोबार बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं दी जा सकती हैं।

## कलश व शोभायात्रा निकाली



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**बहल, 17 मार्च।** गांव बिधनोई व नूनसर में दादा गोसाईं धाम पर आयोजित होने वाली श्रीगो कथा महायज्ञ से पूर्व कथा के संयोजक बाल योगी महंत दिवाली नाथ के सानिध्य में कलश व शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बिधनोई व नूनसर गांव की सैकड़ों महिलाओं ने श्रद्धा के साथ यात्रा में शामिल हुई। शोभायात्रा को देखने लोगों का हुजूम उमड़ा और दादा गोसाईं धाम के महंत से आशीर्वाद लिया। मंगलवार, 18 मार्च को कथा गो कथा महायोजन प्रारंभ होगी। जो दोपहर 12 बजे से सायं 3 बजे तक श्रवण की जा सकेगी। कथा व्यास आचार्य योगेन्द्र के मुखारविंद से 22 मार्च तक श्री गो कथा का पाठ होगा। कथा वाचक आचार्य योगेंद्र कलशयात्रा में भी शामिल हुए। कथा के दौरान दादा गुरु योगी महंत छोटूनाथ महाराज आश्रम हसाण व गुरु योगी बाबा केदारनाथ महाराज बडदू चैना धाम पंच 32 धुनी तपस्वी, बाबा बाडीनाथ आश्रम ढाणा जोगी के महंतश्री केशव नाथ महाराज का आशीर्वाद भी गोभक्तो व कथा के श्रोताओं को देंगे। बाबा दिवाली नाथ ने बताया कि किसी भी अनुष्ठान कथा से पूर्व कलश यात्रा का बड़ा महत्व होता है कलश यात्रा क्षेत्र की समृद्धि, धर्मपरायणता, युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ने तथा आपसी सौहार्द की प्रतिक होती है। इस अवसर पर कथा व्यास आचार्य योगेंद्र, गौ रक्षा दल के विकास, गौरव, दुर्गा प्रसाद जांगड़ा राजगढ़, राहुल नोहर, राम सिंह जांगड़ा, दयानंद यादव नूनसर, राकेश धनिया बिधनोई सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष शामिल हुए। कथा के संयोजक बाल योगी दिवाली नाथ ने बताया कि श्री गौ कथा महा ज्ञान यज्ञ महोत्सव समस्त बिधनोई व नूनसर वासियों के सहयोग व समर्पण से आयोजित की जा रही है।

## जीण मां के लाडले जनसेवा समिति भिवानी ने जज निहारिका दीवान को किया सम्मानित



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 17 मार्च।** जीण मां के लाडले जनसेवा समिति भिवानी द्वारा सोमवार को स्थानीय बाबा नगर स्थित जज निहारिका दीवान को सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी रमेश सैनी एवं पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार ने बताया कि समिति के प्रधान सतनाम सैनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में हालही में दिल्ली में जज बनी भिवानी की बेटी निहारिका दीवान को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान सतनाम सैनी ने कहा कि निहारिका की उपलब्धि ने ना केवल उनके परिजनों, बल्कि समस्त भिवानीवासियों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि निहारिका की उपलब्धि अन्य बेटियों को भी समाज में आगे बढ? व अपने सपनों को सच करने के लिए मेहनत के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि उन्हे निहारिका पर गर्व है तथा वे अन्य अभिभावकों से भी आह्वान करते है कि अपनी बेटियों की रूचि अनुसार आगे बढने. के लिए प्रेरित करें, ताकि वे अपनी सफलता की उड़ान भर सकें। इस मौके पर गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## किसानों के लिए एक बार फिर से निराशाजनक साबित हुआ भाजपा सरकार का बजट : राकेश आर्य

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 17 मार्च।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सोमवार को पेश किया गया हरियाणा का बजट भाजपा सरकार का मात्र एक ढकोसला साबित हुआ। इसमें किसानों के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधर सकें। भाजपा सरकार का इस बार का बजट भी मात्र कागजी बजट साबित हुआ। यह आरोप भारतीय किसान यूनियन चंढूनी के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने हरियाणा बजट पर अपनी प्रतिकिया देते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह भाजपा सरकार का यह बजट भी किसानों के लिए पूरी तरह से निराशाजनक साबित हुआ है, जहां किसानों को कुछ राहत देने की बजाए सिर्फ निराशा ही दी गई है। यह बजट केवल भ्रमित करने व बरगलाने वाला है। किसानों को खाद-बीज पर ना सब्सिडी दी गई, ना फसलों पर एमएसपी, ना कर्ज से राहत दी गई, ना डीजल-कीटनाशक दवाई की कीमतें कम की गई। केवल बातें ही बातें की गई। राकेश आर्य ने कहा कि केंद्र सरकार पूर्णताः किसान विरोधी है और केवल दावों के बहाने किसानों को बरगला रही है। इसके अलावा युवा हित का दम भरने वाली भाजपा सरकार ने युवाओं के रोजगार के लिए कोई खास प्रावधान नहीं किए।

## डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने लगाया 538वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 17 मार्च।** राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सेक्टर -3 कुरुक्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया। उन द्वारा आयोजित इस 538वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में एडीसी सोनू भट्ट पधारे। शिविर की अध्यक्षता समाजसेवी नरेश सैनी ने की। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने बैज लगा कर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। 174 बार रक्तदान और 85 बार प्लेटलेट्स दे चुके शिविर संयोजक पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्त की एक एक बूंद बूंद अमूल्य है। आज का युवा नशे की ओर जाकर नशे की सुई लगा कर अपने जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। यह चिंता का विषय है। हमारा उद्देश्य युवाओं को उचित दिशा में लेकर जाना है। जीवन केवल अपने लिए नहीं, अपितु समाज और राष्ट्र के लिए भी समर्पित होना चाहिए। उन्होंने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशे की सुई से बचें और रक्तदान की सुई लगा कर लोगों के जीवन को बचाने का महत्वपूर्ण काम करें। शिविर में सचिन वर्मा, सुशील कुमार, सुरेंद्र सिंह, मंजीत सिंह, मुकेश कुमार, संदीप, रमेश कुमार, अमर, संजय, अजय, संजीव कुमार, बलवान सिंह, वीरेंद्र सिंह, सिमन कुमार, जगदीश चंद, रोबिन वर्मा, सतपाल, जय नारायण, राम कुमार, श्रवण कुमार, प्रवीण, जसविंद्र, प्रताप, राजबीर, गुरदीप आदि ने रक्तदान किया। शिविर के संचालन में डॉ. अरुण कुमार, सुषमा वर्मा, सिद्धार्थ ने सहयोग किया।

## बिना ई-रवाना के जब्त किया गया डंपर: उपायुक्त महावीर कौशिक

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 17 मार्च।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि जिला में अवैध खनन व अवैध परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज एक डंपर को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि खनन विभाग व हरियाणा राज्य परिवर्तन ब्यूरो की संयुक्त चेकिंग के दौरान बवानी खेड़ा के समीप डंपर नंबर एचआर 61बी 5387 को चेक किया। चालक के पास ई-रवाना बिल नहीं था। इस प्रकार चेकिंग करते हुए टीम ने डंपर को जब्त कर लिया और उसे हरियाणा रोडवेज के डिपो में रखा गया है।
उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा है कि जिला में अवैध खनन और अंकुश लगाने और इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों से निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉनिटरिंग के लिए अलग-अलग स्तरों पर टीम में 24 घंटे सातों दिन कार्य कर रही है। महावीर कौशिक ने कहा कि जिला भिवानी में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए जिला टास्क फोर्स से जुड़ी टीमें लगातार वाहनों की चेकिंग कर रही है। इसके अलावा हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो की टीम द्वारा भी कड़ी निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई वाहन बिना ई-रवाना के पकड़ा जाता है तो यह हरियाणा खान एवं खनिज नियम-2012 के नियम 102 और 104 का उल्लंघन होगा और इन नियमों के अनुसार जांच करके आगामी कार्रवाई की जाएगी। महावीर कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व खनन विभाग के महानिदेशक श्री केएम पांडुरंग के स्पष्ट निर्देश है कि अगर कोई व्यक्ति अवैध खनन से जुड़ी गतिविधियों में संयुक्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन से जुड़ी तमाम गतिविधियों पर कड़ी निगरानी का कार्य जारी है। आज भी जिला टास्क फोर्स की टीमों द्वारा अलग-अलग स्थान पर वाहनों की चेकिंग की गई। उन्होंने कहा कि अगर कोई खनन वाहन बिना ई रवाना के पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

# अवैध कोचिंग अकादमियों को बंद करे प्रशासनः रामअवतार शर्मा

### 20 मार्च तक का अल्टीमेटम। 21 मार्च को जिला मुख्यालय पर स्टाफ सहित करेंगे प्रदर्शन, देंगे

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 17 मार्च।** प्रदेश में चल रही अवैध प्राइवेट कोचिंग अकेडेमियों को बंद करवाने को लेकर प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा की अध्यक्षता में भिवानी के प्राइवेट स्कूलों के एक मीटिंग आयोजित की गयी. मीटिंग के बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए रामअवतार शर्मा ने कहा कि 20 मार्च तक यदि जिला प्रशासन इन अवैध अकादमियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता है तो सभी स्कूल संचालक, अपने स्टाफ के साथ जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करके धरना देंगे। और फिर भी यदि जिला प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है तो जिले के प्राइवेट स्कूल किसी भी सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे, न ही अपने यहाँ कोई एग्जाम सेंटर बनाएंगे, न ही किसी अन्य



प्रकार का सहयोग करेंगे। रामअवतार शर्मा ने कहा कि शहर में बड़ी संख्या में कोचिंग अकडेमी चल रही हैं। इन अकडेमी की सरकार या शिक्षा विभाग से कोई मान्यता नहीं है, फिर भी ये पहली से लेकर बाहरवीं तक की कक्षाओं के बच्चों को स्कूल समय में कक्षा लगाकर पढ़ाते हैं। ये पेरेंट्स को झूठ बोलकर बच्चों को दाखिल कर लेते हैं। जब तक पेरेंट्स को इनकी सच्चाई पता चलती है तो बहुत देर हो चुकी होती है। मान्यता न होने की वजह से इन पर कोई नियम लागू नहीं होते, न इनके पास बच्चों को सुरक्षित रखने के बिल्डिंग सेफ्टी, फायर सेफ्टी सर्टिफकेट होती है, न ही पीने के पानी और शौचायलय जैसी कोई वयवस्था। छोटे-छोटे कमरों में सैकड़ों बच्चों को पढ़ाते हैं। इस प्रकार से बच्चे न तो पढाई की दृष्टि से न ही अन्य कारणों से यहाँ सुरक्षित हैं। स्कूल समय में अक-डेमी में कक्षाएं लगाकर ये शिक्षा विभाग के नियमों की खुलेआम अवहेलना कर रहे हैं। वर्ष 2024 से पहले तक तो प्राइवेट अकेडेमियों को मान्यता देने के नियम नहीं थे लेकिन फरवरी 2024 में अब सरकार ने हरियाणा निजी कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण और विनियम विधेयक लागू कर दिया। इस एक्ट के हिसाब से सभी कोचिंग संस्थानों को तीन महीने के अंदर मान्यता लेनी थी, लेकिन किसी भी अकादमी ने आजतक मान्यता नहीं ली है, इस प्रकार सभी अकादमियां अवैध हैं और बिना मान्यता के चल रही हैं। बच्चों के हित को देखते हुए जिला प्रशासन को इन अवैध और गैरमान्यता अकेडेमियों को बंद करवाना चाहिए। रामअवतार शर्मा ने कहा कि जो स्कूल इन अकेडेमियों के बच्चों को अपने यहाँ एडजस्ट करते हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे ही शहर में जिन प्ले स्कूलों के पास मान्यता नहीं है उन्हें भी बंद किया जाए

# आशा खेदड़ हिसार, अशोक सैनी हांसी जिला अध्यक्ष नियुक्त

### नियुक्ति के बाद दोनों जिला अध्यक्षों का किया गया स्वागत

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 17 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय व प्रदेश चुनाव समिति के निदेर्शानुसार जिला के लिए गठित चुनाव समिति ने हिसार व हांसी जिला के अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। कार्यकताओं की सहमति के बाद आशा खेदड़ को हिसार व अशोक सैनी को हांसी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
जिला चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा ने यह घोषणा की। इस मौके पर पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, मेयर प्रवीण पोपली, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, पूर्व मंत्री अनूप धानक व वरिष्ठ नेत्री सरोज सिहाग भी इस मौके पर उपस्थित रहे और उन्होंने दोनों जिला अध्यक्षों को फूलमालाएं डालकर स्वागत किया। जिला चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा ने दोनों जिला अध्यक्षों की घोषणा करते हुए कहा कि



केन्द्रीय व प्रदेश चुनाव समिति के निदेर्शानुसार जिले के लिए चुनाव प्रक्रिया अपनाई गई। इसके लिए कार्यकताओं से आवेदन लिए गए, जिसके तहत दोनों जिलों से लगभग 70 आवेदन जिला अध्यक्ष के लिए आए। इसके बाद सबकी रायसुमारी के बाद सर्वसम्मति से आशा खेदड़ को हिसार व अशोक सैनी को हांसी जिला अध्यक्ष बनाने पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति के बाद बाकी दावेदारों ने अपने नाम वापिस ले लिए। उन्होंने दोनों जिला अध्यक्षों की घोषणा करते हुए उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि वे अपने अपने जिलों में संगठन को आगे बढ़ाएंगे।
इस मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर खरा उतरते हुए वे पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगी और सभी कार्यकताओं के सहयोग से सरकार व पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाएंगे।
हांसी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने इस अवसर पर कहा कि संगठन के निदेर्शानुसार उन्हें नवगठित हांसी जिला का पहला अध्यक्ष बनाया गया है, इसके लिए वे संगठन के आभारी है। प्रदेश व जिले के नेताओं ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया व रणधीर सिंह धीरू, जिला महामंत्री आशीष जोशी व संजीव रेवड़ी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, सह मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा, प्रवीण जैन, मनदीप मलिक, अशोक मित्तल, अनिल सैनी, कृष्ण बिश्नोई, रतन सैनी, डीएस पानू, सुनीता रेड्डू, सुदेश चौधरी, दिव्या सेठी, शक्ति चौधरी, सुरेश गोयल धूपवाला, अनिल गोदारा, कैप्टन नरेन्द्र शर्मा, सतीश सुरलिया, घनश्याम शर्मा, लोकेश असीजा, विकास जैन, दीपक अग्रवाल सहित अन्य नेताओं ने भी दोनों नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को बधाई दी।

# रामपुरा मोहल्ला में अवैध असामाजिक गतिविधियों पर लोगों में आक्रोश

### अवैध पीजी, पार्किंग बनी समस्या, नगर निगम ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 17 मार्च।** हिसार के रामपुरा मोहल्ले के निवासियों ने नगर निगम आयुक्त से मोहल्ले में तेजी से बढ़ रहे अवैध पीजी होस्टलों, असामाजिक गतिविधियों, अवैध पार्किंग और आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान की मांग की है। रामपुरा मोहल्ला रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान आशीष कुक्की के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम कमिश्नर नीरज जी, आईएएस से मुलाकात कर उन्हें इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। कमिश्नर ने मोहल्ला संघ के सदस्यों को आश्वासन दिया कि अवैध पीजी पर कार्रवाई की जाएगी और उनके पीए को सभी पीजी होल्डर्स को संपत्ति के व्यावसायिक कर उपयोग के संबंध में नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। निवासियों के अनुसार, बगैर किसी सरकारी अनुमति या एनओसी के कई इमारतों को पीजी में बदल दिया गया है। संपत्ति मालिकों ने अपने मकान ठेकेदारों के माध्यम से किराए पर दे दिए हैं, जिनमें बाहरी लोग रह रहे हैं। पीजी में जरूरत से ज्यादा लोगों के ठहरने से सीवरेज जाम, पानी की अधिक खपत, बिजली का ओवरलोड और गंदगी



की समस्या बढ़ती जा रही है।
प्रधान आशीष कुक्की ने बताया कि इन अवैध पीजी में रहने वाले कई बाहरी लोग नशाखोरी, शराबखोरी और तेज रफ्तार से वाहन चलाने जैसी गतिविधियों में लिप्त हैं। देर रात तक मोहल्ले में संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही से सुरक्षा की चिंता बनी हुई है। महिलाओं और बुजुर्गों को खासतौर पर परेशानी हो रही है। पीजी में रहने वाले लोगों के पास अपने निजी वाहन हैं, जिन्हें वे सडक पर अवैध रूप से पार्क कर देते हैं। इससे यातायात बाधित हो रहा है और स्थानीय निवासियों के लिए अपने वाहनों को खड़ा करने की जगह नहीं बची है। शिकायतकताओं के अनुसार, अवैध रूप से चल रहे पीजी संचालक कोई व्यवसायिक कर अदा नहीं कर रहे, जिससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। ये सभी लेन-देन नकद में किए जा रहे हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मोहल्ले में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई लोग इनके काटने से घायल हो चुके हैं, और पूरी रात इनके भौंकने की वजह से निवासियों की नींद भी बाधित हो रही है। रामपुरा मोहल्ला रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने नगर निगम ज्वाइंट कमिश्नर श्री प्रीतपाल सिंह, एचसीएस से भी मुलाकात की, जहाँ उन्होंने सभी समस्याओं को ध्यान से सुनकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।
इसके अलावा, ज्वाइंट कमिश्नर शालिनी चेतल, एचसीएस से भी प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा की। उन्होंने नगर निगम कमिश्नर से मिलने की सलाह दी और बताया कि सभी समस्याओं का समाधान कमिश्नर जी के माध्यम से किया जाएगा।

**नगर निगम ने मांगी अवैध पीजी की सूची**
नगर निगम कमिश्नर नीरज जी ने मोहल्लावासियों से अनुरोध किया है कि वे उन अवैध पीजी की सूची तैयार करें, जो स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। इसमें पीजी मालिकों के नाम और उनके पते भी शामिल किए जाएँ। जैसे ही यह सूची नगर निगम को सौंपी जाएगी, तुरंत नोटिस जारी किया जाएगा।

**निवासियों से जानकारी साझा करने की अपील**
प्रधान आशीष कुक्की ने सभी मोहल्लावासियों से अनुरोध किया है कि वे अपने क्षेत्र में समस्या उत्पन्न करने वाले पीजी की जानकारी (नाम, पता और फोटो सहित) साझा करें। इन विवरणों के आधार पर एक आधिकारिक पत्र तैयार कर नगर निगम में जमा किया जाएगा, ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके। प्रधान आशीष कुक्की ने कहा कि यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे आंदोलन करने और उच्च अधिकारियों से संपर्क करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि नगर निगम इस गंभीर समस्या को हल करने के लिए क्या कदम उठाता है।

# जांगिड़ महासभा ने प्रदेश स्तरीय त्रैमासिक सभा का आयोजन कर लिए तीन फैसले

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 17 मार्च।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, नई दिल्ली की प्रदेश स्तरीय त्रैमासिक आम सभा का आयोजन अग्रसेन भवन में सम्पन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता जिला जांगिड़ सभा के प्रधान उदय सिंह जांगड़ा ने की।
सभा के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम जांगड़ा और उनकी समस्त कार्यकारिणी ने बैठक में शिरकत की। साथ ही प्रदेश के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष व उनकी समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा समाज के सभी गणमान्य सदस्यों ने भी भाग लिया। सभा में




आए हुए सभी मेहमानों का जिला अध्यक्ष उदय सिंह जांगड़ा व पूर्व प्रधान रामतीर्थ सुथार ने फूल मालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। सभा में तीन मुख्य बिंदुओं पर विचार विमर्श हुआ। इन बिंदुओं में विश्वकर्मा जयंती वर्ष में एक बार प्रदेश स्तर पर मनाई जाए।
प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं को छात्रावास व सामाजिक कल्याणकारी कार्यों के लिए सरकारी भूमि 30 प्रतिशत के हिसाब से दिलवाई जाए। दसवीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त बीपीएल धारक छात्रों को अलग से आर्थिक सहायता प्रदान करने बारे विचार विमर्श किया गया। मंच का संचालन युवा जिला प्रधान सुरेश कुमार जांगड़ा ने किया।

## किसानों की खरीफ फसल-2023 में बीमा कंपनी द्वारा रिफंड राशि को रिएलोकेट करने के लिए पोर्टल 25 मार्च तक खुला

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 17 मार्च।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि जिन किसानों की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2023 में बीमा पॉलिसी कंपनी द्वारा रिजेक्ट करके प्रीमियम राशि रिफंड कर दी गई थी। उन किसानों की बीमा पॉलिसी रिअप्रूवड करने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा रि-एलोकेसन विंडो ओपन कर की गई हैं। किसानों द्वारा 25 मार्च 2025 तक एग्रीहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन के माध्यम से प्रीमियम राशि वापस जमा करवाई जानी हैं। इस बारे विभाग द्वारा सभी किसानों को एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए सभी संबंधित किसान 25 मार्च तक पोर्टल के माध्यम से प्रीमियम की राशि अवश्य जमा करवाये। अधिक जानकारी के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

## प्रत्येक कार्यदिवस को प्रात: 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर में सुनी जाती नागरिकों की समस्याएं: एडीसी मुनीष नागपाल

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 17 मार्च।** उपायुक्त महावीर कौशिक के मार्गदर्शन में एडीसी मुनीष नागपाल की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी गई। इस दौरान उन्होंने शिकायतें सुनी और कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः:10 से 12 बजे तक समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती है। प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।
एडीसी श्री नागपाल ने नागरिकों की गली में अवैध कब्जा, पीपीपी, सामाजिक पेंशन, पुलिस आदि से संबंधित शिकायतें सुनी। उन्होंने समाधान शिविर में आई शिकायतों का संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के साथ निपटाए। योजनाओं का लाभ लेने व अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं के निदान हेतु प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाता है। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का स्वयं मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मोनिटिंग कर रहे हैं।

## पं. ईश्वर शर्मा के निधन पर अनेक व्यक्तियों ने किया शोक प्रकट

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**तोशाम, 17 मार्च।** तोशाम हल्के के गांव आलमपुर निवासी भाजपा मीडिया प्रभारी संजय शर्मा के पिता एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित ईश्वर शर्मा के निधन पर अनेक नेताओं तथा सामाजिक संगठनों के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। पंडित ईश्वर शर्मा ने ताउम्र भारतीय जनता पार्टी में रहकर एक निष्ठावान कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी की ताउम्र सेवा की। गांव आलमपुर निवासी पंडित ईश्वर शर्मा बहुत ही नेक, ईमानदार, मिलनसार एवं सामाजिक व्यक्ति थे। उनके निधन पर पूर्व विधायक शशि रंजन परमार, एडवोकेट हरीसिंह सांगवान, मण्डल अध्यक्ष कुलदीप महला, राजपाल कड़वासरा, संजय नुनाच, नरेंद्र संडवा, खानक एचएसआईआईडीसी स्टाफ सदस्यों, संजीत ख्यालिया आदि सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शोक प्रकट किया है।

## डीसी ने दिव्यांग छात्रा को स्मार्ट विजन डिवाइस वितरित की

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**नारनौल, 17 मार्च।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति के प्रधान डॉ विवेक भारती ने आज लघु सचिवालय में अंध विद्यालय खरखड़ी मोहल्ला की एक दिव्यांग छात्रा को स्मार्ट विजन डिवाइस वितरित की। इस मौके पर नगराधीश मंजीत कुमार भी मौजूद थे।
उपायुक्त ने बताया कि इस स्मार्ट विजन डिवाइस से नेत्रहीन दिव्यांग छात्रा को पढ़ने तथा कंप्यूटर-मोबाइल आदि पर अपनी स्टडी करने में आसानी रहेगी। यह ब्लूटूथ से कनेक्ट होगा।
उन्होंने बताया कि अगर विद्यालय की छात्राओं ने इस डिवाइस के बारे में सकारात्मक परिणाम बताया तो इसे भविष्य में अन्य छात्राओं को भी दिया जाएगा।
रेडक्रॉस से डॉ एसपी सिंह ने बताया कि यह उपकरण हैदराबाद से उपलब्ध करवाया गया है। अभी तक मार्केट में इसके परिणाम अच्छे मिले हैं। इसी बात को मद्देनजर रखते हुए उपायुक्त के निर्देश पर यह एक डिवाइस मंगाया गया है।
इस मौके पर रेडक्रॉस की ओर से अजीत यादव भी मौजूद थे।

## जगदीशपुर-झुण्डपुर युमना नदी घाट से रेत चोरी करते पकड़ा गया ट्रैक्टर-ट्राली

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सोनीपत,17 मार्च।** उपायुक्त ने बताया कि अवैध खनन को पूर्णतया बंद करने के लिए दिन-रात चौकिंग की जा रही है। रविवार देर रात थाना राई पुलिस व खनन विभाग की टीम द्वारा देर रात्री में रेत से भरे एक ट्रेक्टर-ट्राली को गांव जगदीशपुर-झुण्डपुर युमना घाट पर पकड़ा गया। जिसको मौका टीम द्वारा रात को ही उक्त ट्रैक्टर-ट्राली को पुलिस थाना राई में लाकर खनिज अधिनियम 1957, हरियाणा राज्य खनन नियम 2012 के अर्न्तगत व राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों की अनुपालना में सीज कर दिया गया है। जिसको जुमार्ना भरवाने के उपरान्त ही छोड़ा जायेगा। जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशानन द्वारा सख्ती बरती जा रही है जो भविष्य में भी जारी रहेगी।

## किसानों से आह्वान 15 जून से पहले खेत मे ना छोड़े पानी और ना लगाए धान: उपायुक्त

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सोनीपत, 17 मार्च।** उपायुक्त ने बताया कि अगर खेती की बात करें तो खेती के लिहाज से धान उत्पादन में सोनीपत जिला हरियाणा के अग्रणी जिलों में सम्मिलित है। धान उत्पादन के लिए प्रकृति का बहुमुल्य रत्न व जीवन रूपी अमृत जिसे पानी कहा जाता है, का नुकसान सर्वाधिक रूप में होता है। यह पानी नहरों के अलावा किसानो द्वारा भूमि के गर्भ से नलकूपों द्वारा भू-दोहन कर धान उत्पादन के लिए प्रयोग में लाया जाता है। प्रत्येक वर्ष धान उत्पादन के लिए ऐसे भू-दोहन के चलते जिला का जल स्तर पिछले 25 वर्षा में लगातार धरातल से नीचे जा रहा है। पानी की बचत के लिए सरकार ने नियम बनाया है। कि कोई भी किसान 15 जून से पहले अपने खेतों में धान की रोपाई न करें। इसके अलावा सरकार ने पानी बचाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया है। ताकि किसान भू-दोहन ने करें। सरकार ने मेरा पानी मेरी विरासत स्कीम शुरू कर उन किसानों को प्रति एकड़ आठ हजार रुपए अनुदान देने की घोषणा की है। जिल्होने अपने उस खेत में जिसमें गत वर्ष धान (बौनी किस्मों/गैर बासमती) की फसल थी एवं उसका पंजीकरण मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर दर्ज किया था और उस खेत में किसान ने धान की फसल से तौबा कर ली है और उसके स्थान पर अन्य कोई फसल की बुवाई की है।
उपायुक्त ने किसानों से आह्वान किया कि सभी किसान नैतिकता के तौर पर ओर प्रकृति की इस बेशकीमती धरोहर को बचाने के लिए 15 जून के बाद ही अपने खेतों में धान रोपाई के लिए पानी छोड़े।
वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बारे में बताते हुए डॉ. पवन शर्मा (उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सोनीपत) द्वारा बताया गया कि वैज्ञानिकों के मुताबिक 15 जून से पहले वायुमंड़ल में वाष्पीकरण की मात्रा अत्यधिक होती है, जिससे पानी का वाष्पीकरण हो इसकी बबार्दी अधिक होती है। कृषि विभाग द्वारा उपमण्ड़लीय, खण्ड एवं ग्राम स्तरीय टीमों को भी आदेश दिया है कि वो अपने-अपने क्षेत्र में किसान जागरूकता अभियान चलाएं व किसानों से रूबरू हो उनको 15 जून के बाद अपने खेतों में धान के लिए पानी छोड़ने की अपील करें।

# भाजपा द्वारा जिला अध्यक्ष एवं महानगर घोषणा पत्र कार्यक्रम की बैठक संगठन पर्व - 2024-25 का आयोजन

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**गाजियाबाद।** संगठन पर्व' 2024झ25 की विशिष्टता को समाहित करते हुए केन्द्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन चुनाव कार्य सम्पूर्ण देश में चला है। अब संगठन विस्तार का अप्रतिम कार्य पूर्णता की ओर है। जिलों में सफल नामांकन प्रक्रिया के उपरांत प्रदेश स्तर पर पैनल की स्क्रीनिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

15 मार्च को चयनित अध्यक्षों की सूची तैयार होने के बाद नये जिला अध्यक्षों की घोषणा का कार्य सभी पर्यवेक्षकों, जिला चुनाव अधिकारियों को वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं मंत्री गणों की विशेष उपस्थिति में 16 मार्च को जिले एवं महानगर में होना सुनिश्चित हुआ है। इसी कड़ी में राजनगर एक्सटेंशन में स्थित गोल्डन व्यू रिजॉर्ट के सभागार में दोपहर 1:00 बजे विशेष संगठन पर्व घोषणा बैठक का आयोजन किया गया है।संगठन पर्व घोषणा प्रक्रिया इस प्रकार होगी -

■ प्रदेश की ओर से जिला चुनाव अधिकारी एवं संगठन चुनाव पर्यवेक्षक 16 मार्च की बैठक में उपस्थित रहेंगे।

■ चुनाव पर्यवेक्षक अपने एक ही जिले में रहेंगे। बाकी जिला के लिये वरिष्ठ पदाधिकारी और प्रदेश सरकार के मंत्रियों को भेजा गया है।

■ प्रदेश स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष जी, प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन सभी जिलों से जुड़ेंगे।जिसके लिये प्रदेश कार्यालय में एक टास्क केन्द्र रहेगा जहां से मॉनीटर किया जायेगा।

16 मार्च की आयोजित बैठक में सभी जिला महानगर पदाधिकारी, वरिष्ठ मोर्चा पदाधिकारी, जिले में निवासी राष्ट्रीय, प्रदेश एवं क्षेत्र के पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि मुख्य रूप से अपेक्षित रहेंगे।

■ जिला स्तर पर कार्यक्रम की व्यवस्था सह जिला चुनाव अधिकारी गोपाल अग्रवाल जिलाध्यक्ष / महानगर अध्यक्ष की प्रमुख उपस्थिति में करेंगे।

■ संगठन पर्व के मंच पर पर्यवेक्षक, जिला चुनाव अधिकारी, वरिष्ठ पदाधिकारी और मंत्री गण सहित वर्तमान और निर्वतमान जिला अध्यक्ष आमंत्रित रहेंगे । जिला चुनाव अधिकारी द्वारा चयनित जिला अध्यक्ष का नाम रखा जायेगा। यह नाम उनको मंच पर ही घोषणा कार्यक्रम के बीच प्रदेश से नियत समय पर व्हाट्सअप पर भेजा जायेगा।

मंच पर उपस्थित लोगों द्वारा संबोधन के उपरांत जिलाध्यक्ष की घोषणा होनी है। महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि एक स्वस्थ वातावरण में सभी के साथ मिलकर नये अध्यक्ष का स्वागत भी होगा।

## मोटर बोट चालक की संदिग्ध मौत, तीन आरोपितों से पूछताछ

**कानपुर।** कैंट थाना क्षेत्र के सत्ती चौरा निवासी निखिल निषाद (32) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह शुक्रवार से लापता था। शनिवार को उसका शव डपकेश्वर घाट के पास गंगा नदी में मिला। मृतक के परिजनों ने इलाके में रहने वाले तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तीनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## एमसीसी सिग्नेचर हाइट्स में धूमधाम से मनाया गया होली महापर्व

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**गाजियाबाद।** रंगों के महापर्व होली को MCC सिग्नेचर हाइट्स सोसाइटी में बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मनता घाया और टीम AOA की ओर से इस उत्सव के लिए डीजे, होली रंग, पकौड़े और ठंडाई की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे समस्त निवासियों ने भरपूर आनंद लिया।

AOA अध्यक्ष विपिन त्यागी ने कहा, "होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि समाज में प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने का माध्यम भी है। हम सभी को एकजुट होकर इसे मनाना चाहिए।" महासचिव मोनू कुमार त्यागी ने कहा, "हमारी टीम का उद्देश्य समाज में आपसी सद्भाव बढ़ाना और सभी को एक परिवार की तरह जोड़ना है।

इस बार की होली में सोसाइटी के 150 से अधिक परिवारों की भागीदारी हमारे प्रयासों की सफलता को दशार्ती है।"

डॉ. प्रमोद, डॉ. अनिल और अमित गुप्ता (कोसाध्यक्ष) ने पूरे कार्यक्रम की पार्श्व व्यवस्था को



सुचारू रूप से संभाला, जिससे कार्यक्रम निर्विघ्न रूप से संपन्न हुआ।इस रंगारंग होली महोत्सव में शामिल होने वाले प्रमुख सदस्यः एस.के. श्रीवास्तव, एस.एम. मिश्रा, बी.आर. डे, दिनेश त्यागी, डी.सी. सक्सेना, अजीत विक्रम सिंह, हनी सिंग, अतुल गुप्ता, राजिंदर सिंह, स्नेह चौहान, पवन द्विवेदी, विकास वर्मा, अनिरुद्ध चिकारा, विकास, तनुज, अनिरुद्ध त्यागी, स्वीटी श्रीवास्तव, रीना मुदगिल, मोहित, पवन द्विवेदी, शेली, कृष्ण वर्मा, नेहा तात्रान, सत्यांशु श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।इस आयोजन ने न केवल रंगों की खुशबू बिखेरी, बल्कि समाज में प्रेम और सौहार्द का भी संदेश दिया। अडअ टीम ने सभी को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजन करने का संकल्प लिया।

## सोमवार को भी नहीं शुरू हुआ सरसों खरीद का कार्य, मंडी से सरसों खरीद का जिम्मा वेयर हाऊस को



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 17 मार्च।** सरकार द्वारा 15 मार्च से सरसों खरीद के ऐलान के बाद सोमवार को भी अनाज मंडी में सरसों की खरीद का कार्य शुरू नहीं हो पाया। जिसके चलते किसानों को खासी परेशानी रही। दो दिन बाद भी खरीद शुरू न होने से किसान मायूस दिखे। किसानों ने कहा कि सरकार के ऐलान के बाद भी खरीद एजेंसियों उनकी सरसों की खरीद करने के लिए नहीं आ रही है। जिससे किसानों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि प्राइवेट खरीददार 5500 से 5700 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से सरसों खरीद रहे है। जिससे किसानों को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से किसान सरसों की खरीद का इंतजार कर रहे थे। उन्हें उम्मीद थी कि सोमवार को सरसों की खरीद शुरू हो जाएगी लेकिन सोमवार को भी खरीद का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जिससे किसानों की चिंताएं और अधिक बढ़ गई है। किसानों ने कहा कि उनकी सरसों सरकारी मापदंडों के अनुसार सही है। सरकारी खरीद शुरू न होने किसानों को मजबूर होकर अपनी सरसों औने पौने दामों में बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों ने सरकार से मांग रखी है कि जल्द से जल्द सरसों की खरीद का कार्य शुरू किया जाए ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो।

क्या कहते है। हैफेड के इंस्पेक्टर

जब सरसों की खरीद न होने को लेकर हैफड के इंस्पेक्टर राजपाल से बात कि तो उन्होंने बताया कि वे सोमवार को विधिवत रूप से खरीद शुरू करने के लिए अनाज मंडी में पहुंच गए थे। एजेंसी की तरफ से सभी तैयारियां पूरी थी। पहले तो किसानों का पोर्टल पर डाटा को लेकर दिक्कत आ रही थी जिसके चलते गेट पास नहीं कट रहे थे। उसके बाद डायरेक्टर फूड के आदेशानुसार इस्माईलाबाद अनाजमंडी से सरसों खरीद का जिम्मा हैफड की जगह वेयर हाउस को सौंप दिया गया है। जिसके चलते अब अनाज मंडी से सरसों खरीद वेयर हाऊस ही करेगी।

क्या कहते है मार्केट कमेटी सचिव

जब खरीद शुरू न होने को लेकर मार्केट कमेटी के सचिव अंकुर ठकराल से बात कि तो उन्होंने बताया कि पहले यहां पर हैफड एजेंसी सरसों खरीद का कार्य करती थी। एजेंसी ने खरीद को लेकर सभी तैयारियों भी पूरी की हुई थी लेकिन डायरेक्टर फूड ने लेटर जारी कर इस्माईलाबाद अनाज मंडी में हैफड की जगह वेयर हाउस को खरीद का जिम्मा सौंपा गया है। कल खरीद एजेंसी का लाइसेंस बना कर खरीद का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

## डीसी डॉ विवेक भारती ने ली बाढ़ एवं सूखा प्रबंधों को लेकर बैठक

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**नारनौल, 17 मार्च।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर आने वाले गर्मी के सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने पेयजल संबंधी तैयारियां अभी से शुरू कर दी है। इसी संबंध में उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने आज लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों की बैठक ली तथा इस संबंध में फूल प्रूफ रणनीति बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ बाढ़ एवं सुखा प्रबंधों को लेकर भी बैठक ली।

डीसी ने कहा कि गर्मी के मौसम में जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है तो पानी की उपलब्धता प्रभावित होती है। सरकार के निर्देश पर इस बार गर्मी से जुड़ी चुनौतियों को कम करने और पेयजल सप्लाई लगातार जारी रखने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी जाए। अगर कहीं पानी की राशनिंग की जरूरत पड़े तो सभी इलाकों में समान जल वितरण योजना बनाई जाए।

उपायुक्त ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और नगर निगम/समिति के अधिकारी मिलकर एक व्यापक और समावेशी रणनीति सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जिला के सभी जोहड़ों में मवेशियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हुडा सेक्टर सहित अन्य जगहों में पेयजल के सैंपल लगातार लेते रहें।

# शहर की सफाई व्यवस्था बदहाल, नई छोटी सरकार को चेतावनी

### शहर में सफाई व्यवस्था जल्द बहाल नहीं हुई तो ट्रालियों में कूड़ा भरकर निगम ऑफिस में डालेगी हिसार संघर्ष समिति

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 17 मार्च।** शहर में बदहाल सफाई व्यवस्था व जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों के चलते इस महीने के अंत तक कूड़ा निस्तारण का काम निगम प्रशासन द्वारा नहीं किया गया तो हिसार संघर्ष समिति ट्रालियों में कूड़ा भरकर निगम कार्यालय परिसर में डालने का काम करेगी। ये चेतावनी हिसार संघर्ष समिति ने शहर में बदहाल सफाई व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए दी है। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था का बहुत बुरा हाल है। कूड़ा उठाने वाले ठेकेदार का कार्यकाल पूरा हो चुका है लेकिन निगम प्रशासन उन्हीं कर्मचरियों से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बदल-बदल कर काम करवा रहा है जिससे शहर में सफाई व्यवस्था



बुरी तरह चरमराचुकी है। कई-कई दिन तक कूड़ा उठाने वाली गाडियां नहीं आती और शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हर बार टेंडर खत्म हेने के बाद ही निगम प्रशसन द्वारा नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू क्यों की जाती है जबकि टेंडर खत्म होने से पहले ही यदि टेंडर प्रक्रिया पूरी करके सफाई का ठेका दे दिया जाए तो शहरवासियों को सफाई से संबंधित समस्या का सामनाा नहीं करना पड़ेगा।

जितेंद्र श्योरण ने कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर पार्षद तक एक ही पार्टी की सरकार है फिर भी शहर में सफाई व्यवस्था की हालत बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि शहर के नए चुने गए पार्षद भी शहर में सफाई व्यवस्था के ठीक करने में अपना सहयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस माह के अंत तक सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और कूड़े का उठान नहीं किया गया तो शहर में जगह-जगह फैले कूड़े को ट्रॉलियों में भरकर निगम कार्यालय में डालने का काम किया जाएगा। उन्होंने निगम प्रशासन से मांग की कि शहर में जल्द से जल्द से सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करके आमजन को राहत पहुंचाने का काम करे।

## महिला का फंदे से लटकता मिला शव

**औरैया ।** जिले के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अटसू चौकी के ग्राम बल्लापुर निवासी प्रियंका पत्नी मान सिंह उम्र करीब 35 वर्ष ने ग्रह कलह के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। मृतिका अपने सास ,ससुर, पति और अपने दो बच्चों लवकुश (9 वर्ष) और कृष्णा (7 वर्ष) के साथ रहती थी।

प्रियंका ने अपने कमरे में छत के कुंडे से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने जब उन्हें फांसी पर लटका देखा तो तुरंत नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम बनारपुर थाना फफूंद स्थित मायके से परिजन मौके पर पहुंचे। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मृत्यु की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि टिल्लू राजपूत को मिली तो वह संवेदना हेतु मौके पर पहुंचे तो लड़की वाले लोगों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के साथ मार पीट कर दी ।

# परंपराः ब्रज में हुरंगे की धूम, महिलाओं ने की पुरुषों की पिटाई; उमड़ी भीड़

**मथुरा ।** रंगों के त्योहार होली के बाद अब ब्रज में हुरंगे के आयोजन की शुरूआत हो गई है। बलदेव कस्बे के प्रसिद्ध दाऊजी मंदिर में होली के अगले दिन दौज पर पारंपरिक कपड़ा फाड़ हुरंगा खेला गया। इस अनूठे आयोजन में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए।



इस परंपरा के अनुसार, महिलाएं पुरुषों के साथ होली खेलने के बाद उनके कपड़े फाड़ती हैं और उनकी पिटाई करती हैं। यही वजह है कि इसे "कपड़ा फाड़ हुरंगा" कहा जाता है। इस अनोखी परंपरा को देखने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक दाऊजी पहुंचे।

भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। आयोजन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे कोई अप्रिय घटना न हो। सभी तैयारियों को पहले से ही चाक-चौबंद कर लिया गया था और प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है।

डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि दाऊजी के प्राचीन मंदिर में आज विश्व प्रसिद्ध हुरंगा खेला जा रहा है। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। सुरक्षा-व्यवस्था चाक चौबंद है। अलग-अलग जोन में पुलिस के जवान तैनात हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक संभालने के लिए यातायात पुलिस की भी तैनाती की गई है। गाड़ियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही इलाके की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

जिलाधिकारी (डीएम) सीपी सिंह ने कहा कि आज दाऊजी के मंदिर में विश्व प्रसिद्ध हुरंगा हो रहा है। पूरी दुनिया से लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। उन्होंने लोगों को हुरंगा की शुभकामनाएं दीं।

बता दें कि ब्रज का यह अनूठा उत्सव हर साल श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसके साथ ही इस क्षेत्र में कई दिनों तक अलग-अलग तरह से होली मनाने की परंपरा रही है, जिसे देखने दुनियाभर से लोग यहां पहुंचते हैं।

# कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को सिखाएं सबक : सीएम योगी

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानून सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।

गोरखपुर में होलिकोत्सव मनाने के बाद सीएम योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनी। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते



किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतोषजनक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

जनता दर्शन में एक व्यक्ति ने दबंगों द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए। जमीन कब्जामुक्त होनी चाहिए, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

मुख्यमंत्री योगी के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अग्रवाल समाज का राज्य स्तरीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन 23 मार्च को

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 17 मार्च।** अग्रवाल समाज का 25वां राज्य स्तरीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन अग्रवाल युवा संगठन द्वारा सेक्टर 8 में अग्रवाल भवन,करनाल में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में हरियाणा व आस-पास के राज्यों से सैकड़ों की तादाद में विवाह योग्य प्रत्याशी भाग लेंगे और अपने जीवन साथी का चयन करेंगे।



विपिन गोयल छानीवाला ने कहा कि परिचय सम्मेलन न केवल रिश्तों के लिए एक उपयुक्त मंच है बल्कि समाज में कई सकारात्मक प्रभाव भी लाता है। इस प्रकार के परिचय सम्मेलनों में विवाह योग्य प्रत्याशी बिना किसी आर्थिक दबाव के संवाद स्थापित करते हैं तो ऐसे में दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों को रोकने में सहायता मिलती है।गोयल ने कहा कि आज हमारे समाज में न जाने ऐसी कितनी बहनें है जिनकी शादी की उम्र पार हो रही है लेकिन उनके हाथों में अभी तक मेहंदी नहीं लगी है। ऐसी बहनों के रिश्ते समय पर हो जाने चाहिए थे लेकिन समय पर सही रिश्ते नहीं मिल पाने के कारण ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है।गोयल ने कहा कि इस प्रकार के परिचय सम्मेलनों से जहां मनपसंद रिश्ते मिलने में आसानी हो जाती है, वहीं बार-बार रिश्ता देखने के झंझट से भी बचा जा सकता है।अवांछित कारणों से तलाक की घटना घट जाती है ऐसे में दोबारा विवाह के मामलों में भी परिचय सम्मेलन सार्थक साबित हो रहे हैं।गोयल ने कहा कि परिचय सम्मेलनों से समाज में एकता और भाईचारा तो स्थापित होता ही है, वहीं दो परिवारों का प्रत्यक्ष मिलन भी होता है। यह एक धर्म का कार्य है और हम सबको धर्म के इस कार्य में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए।विपिन गोयल छानीवाला ने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह परिचय सम्मेलन अग्रवाल समाज के युवाओं के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा और उन्हें अपने जीवनसाथी की तलाश करने में मदद करे।

### हरियाणा वार्षिक बजट में व्यापारी व उद्योगपतियों को निराशा : गर्ग

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 17 मार्च।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा के वार्षिक बजट में व्यापारी व उद्योगपतियों को निराशा हाथ लगी है।



हरियाणा में उद्योग लगाने के लिए सरकार को बजट में बिजली के बिलों में सब्सिडी व कम ब्याज पर लोन देने का नियम बनाना चाहिए था और बजट में पेट्रोल व डीजल पर वेटकर कम करने की उम्मीद जनता को थी। बजरंग गर्ग ने यह भी कहा कि सरकार ने जो सब्जी व फलों पर मार्केट फीस लगाई थी वह बजट में हटाने की उम्मीद किसान व आढ़तियो को थी। सरकार द्वारा बजट में व्यापारी व उद्योगपतियों रियायतें ना देने से प्रदेश में पहले से ज्यादा बेरोजगारी बढ़ेगी। बेरोजगारी बढ? से प्रदेश में अपराध व नशा बढ़ता है, जो हरियाणा के लिए नुकसान दायक है।

### शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में भी हिस्सा ले छात्राएं-रजनी

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 17 मार्च।** मनीष पपनेजा मेमोरियल सनातन धर्म गर्ल्ज कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा गांव जलबेहडा में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप के दूसरे दिन का शुभारंभ स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर किया गया। इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने योगासन किया। शिविर में कॉलेज प्रवक्ता रजनी गुप्ता ने करंट अफेयर पर अपने विचार साझा किए। इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने घर घर जाकर लोगों को एचआईवी एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। कॉलेज प्रवक्ता पूजा रानी ने स्वयं सेविकाओं के साथ सेल्फ हाइजीन विषय पर चर्चा की तथा सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कैंप में छात्राओं ने रस्सा कसी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसके अलावा छात्राओं ने अनेक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

### यातायात के नियमों के प्रति चलाया जागरूक अभियान -रजत कुमार



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 17 मार्च।** राजकीय महाविद्यालय चम्मू कलां की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन चयनित गांव चम्मू कलां में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति जागरूक अभियान चलाकर लोगों को जागृत रहने के लिए प्रेरित किया। शैक्षणिक स्तर पर सड? सुरक्षा पर जिला यातायात कॉर्डिनेटर कुरुक्षेत्र के इंचार्ज एएसई वीरेंद्र विक्रम ने यातायात के नियम एवं साइबर क्राइम विषय पर अपना व्याख्यान देकर स्वयं सेवकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जब भी कोई अनजान व्यक्ति फोन पर ओटीपी इत्यादि मांगता है तो उसे न दे। अपनी निजी जानकारी किसी के साथ भी साझा न करें। कार्यक्रम अधिकारी रजत कुमार ने बताया कि हमें यातायात के नियमों का पालन करके स्वयं को तो सुरक्षित रखना ही है साथ में दूसरों को भी सुरक्षित रखना है।

सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साई प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495,
ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिकाः- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।